हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



बारिश का सीजन है...एनजीटी यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश है कि नदियों में किसी भी तरह की खुदाई नहीं होगी। यह आदेश 15 जून से पूरे छत्तीसगढ़ में लागू हो गया है। खैर, आदेश है...आदेश का क्या। आदेश होते रहते हैं।

रेत में दबा सिस्टम...

# बैन के बाद भी नदियों का सीना छलनी

## घाटों पर भयावह सीन... बाहर वाहन, भीतर खुदाई मशीन

15 जून से रेत खुदाई पर बैन यहां नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां, नदियों में बेखौफ खुदाई

ड्रोन फोटो : भूपेश जांगड़े

### रायपुर में ड्रोन की तस्वीरें

### दर्जनभर हाइवा में जेसीबी से भरी जा रही रेत



रायपुर जिले का आरंग...। यहां कई रेत खदानों में जेसीबी से खुदाई चलती दिखी। हाल ऐसा है कि घाट के आसपास दो किलोमीटर तक तस्करों के गुर्गे तैनात हैं। पल-पल की खबर अपने आका तक पहुंचाते हैं। उनका खौफ ऐसा है कि अफसर भी वहां जाने से कतराते हैं। ऐसे में हरिभूमि और आईएनएच ने ड्रोन से तस्वीरें लीं। ग्राम राटाकाट स्थित नदी में रेत का धड़ल्ले से अवैध उत्खनन का कार्य चल रहा था। नदी शेष पेज 4 पर

POOJA MISTIQ
Godriwala Presents POOJA
मजबूती और सुविधा का संगम
+91 9912000025 Follow us on

रायपुर- लक्ष्मण लेखवानी एवं मनोज नायक/ गरियाबंद- गोरेलाल सिन्हा/ धमतरी-दीपनारायण शर्मा/ राजनांदगांव- धन्य कुमार/बिलासपुर-विकास चौबे/ रायगढ़-पंकज तिवारी/ अंबिकापुर-अजय नारायण पाण्डेय/ जांजगीर-अभिषेक शुक्ला की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

आदेश पालन करने की जिम्मेदारी जिन स्थानीय अफसरों के जिम्मे है अगर वही अवैध खेल में शामिल हो जाएं तो फिर कैसा आदेश और कहां का आदेश। ऐसा ही कुछ हो रहा है छत्तीसगढ़ में। हरिभूमि और आईएनएच की टीम ने पूरे छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन की खबर ली। जो तस्वीर सामने आई वह भयावह है। लोकल अफसर जैसे रेत में शुतुरमुर्ग की तरह सिर गड़ाकर बैठ गए हैं। उन्हें कुछ दिखता नहीं या देखना नहीं चाहते। कोई रोकने वाला नहीं, कोई टोकने वाला नहीं। खुलेआम रेत खुदाई जारी है। हरिभूमि ने मंगलवार को रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बिलासपुर, शेष पेज 4 पर

### सीएम और सचिव के सख्त आदेश



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खनिज सचिव पी दयानंद ने खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। उसके बाद जिलों के कलेक्टरों ने कई स्थानों पर कार्रवाई भी की और दर्जनों गाड़ियों को जब्त भी की गई। रायपुर जिले में भी कई बार कार्रवाई की गई है। लेकिन स्थानीय स्तर पर सक्रिय राजनेता और अफसर मिलकर इस खेल को कभी चोरी छिपे तो कई बार खुलेआम खेलते हैं। बार-बार कार्रवाई के बाद कुछ वे सक्रिय होते हैं और तमाम खतरे उठाकर खुदाई में लग जाते हैं। वजह...क्योंकि इस काम में पैसा बहुत है।*

### जानिए बिलासपुर में कैसे हैं हालात

सेंदरी रेत घाट में ही रोजाना सुबह से शाम और रात में ट्रैक्टर और हाइवा देखे जा सकते हैं। ग्राम कछार की रेत घाट को खनिज विभाग ने एक वर्ष पूर्व बंद किया था। रेत घाट मार्ग पर लोहे के पाइप लगाने के साथ गर्डर लगाया था। साथ ही एक बोर्ड लगाकर रेत घाट से अवैध उत्खनन करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। रेत माफियाओं ने बोर्ड को उखाड़ फेंकने के साथ गर्डर के बाजू से वाहन आने और जाने का रास्ता बना लिया है। लोफंदी के रेत घाट को खनिज विभाग ने बंद किया था। इस रेत घाट से अवैध उत्खनन फिलहाल नहीं हो रहा है। मंगला, तुर्काडीह, निरतु और कोटा, मस्तूरी में रात में अवैध खनन और परिवहन जारी है।

बिलासपुर





### अफसर कहते हैं नजर रखते हैं

खनिज विभाग के साथ ही पुलिस और राजस्व की टीम भी लगातार अवैध परिवहन और खनन पर कार्रवाई कर रही है। पेनाल्टी की राशि भी बढ़ा दी गई है तो एफआईआर भी कराया जा रहा है। 15 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के नियमानुसार रेत खदान बंद रहेंगे। पूरी तरह नजर रखी जा रही है।

- दिनेश मिश्रा, उपसंचालक, खनिज विभाग

### उत्खनन करने वालों पर करेंगे कार्रवाई

एनजीटी के निर्देश का पालन करते हुए रेत उत्खनन पर 15 जून से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी अगर कहीं किया जा रहा है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**गौरव सिंह**, कलेक्टर, रायपुर

### गरियाबंद में जारी रेत का खनन-परिवहन

गरियाबंद की पैरी नदी में रात के अंधेरे में रेत माफिया अवैध रेत खनन और परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। हाथखोज और मजरकटा में रेत माफिया सक्रिय हैं। रात के अंधेरे में अवैध खनन और परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि खनिज विभाग के लगातार कार्यवाही के बाद अन्य जगहों पर अवैध खनन फिलहाल बंद है।

गरियाबंद



### धमतरी में खदान बंद, खुदाई चालू

धमतरी जिले में लठैत रात में खदानों की पहरेदारी कर रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासनिक अधिकारी भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। दर्री, सोनेवारा, दोनर, लड़ेर, जंवरगांव खदानों में रात में मशीन उतरती है। रात 9 बजे के बाद गाड़ियों की लाइन लगती है और सुबह तक मशीनों से लोडिंग का काम चलता है।



#### *खदान बंद है, खनन भी बंद होना चाहिए*

*लड़ेर खदान में विरोध हुआ था। टीम के पास सुरक्षा की कमी थी। स्थिति ऐसी बनी कि मशीन को खदान से बाहर नहीं लाया जा सका। कार्रवाई के बाद लड़ेर खदान बंद हो गई है। अब तक इसके चलने की शिकायत नहीं मिली है।*

*- ज्योति सिंह, नायब तहसीलदार, धमतरी*



राजनांदगांव

### राजनांदगांव जिले में भी जारी है उत्खनन

राजनांदगांव जिले के अधीन आने वाले डोंगरगांव क्षेत्र की नदियों से रोजाना रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। शासन को नुकसान होने के बाद भी विभागीय अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है। इस कारोबार में राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोगों का भी संरक्षण प्राप्त है, जिससे सभी चांदी काट रहे हैं। डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम बगदई, शेष पेज 4 पर

बेमेतरा

### बेमेतरा जिले में धड़ल्ले से जारी है उत्खनन

बेमेतरा जिले में भी धड़ल्ले से खदानों में रेत का उत्खनन चल रहा है। प्रतिबंध का असर यहां भी देखा नहीं गया। माफिया शिवनाथ नदी के घाटों पर लगातार रेत का उत्खनन कराकर परिवहन करा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर कार्रवाई करने से बचते नजर आते हैं। आलम यह है कि बेमेतरा जिले के शिवनाथ नदी किनारे बसे खमरिया और मऊ घाट में हर रोज सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन करते देखा जा सकता है। शेष पेज 4 पर

सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

## वायरल अटैक से पार्श्व गायिका अलका को सुनाई देना हुआ बंद

एजेंसी मुंबई

पार्श्व गायिका अलका याग्निक ने खुलासा किया है कि उन्हें एक दुर्लभ श्रवण विकार का पता चला है, जो 'वायरल अटैक' के कारण उनमें विकसित हुआ है। गायिका ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अलका ने सोमवार रात को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें वायरल अटैक के कारण 'सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस' (बहरेपन) का पता चला है। गायिका (58) ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे सभी प्रशंसकों, दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए। कुछ सप्ताह पहले, मैं जैसे ही विमान से बाहर शेष पेज 4 पर



### बहुत तेज़ संगीत और हेडफ़ोन पर किया अलर्ट

गायिका ने लोगों को 'बहुत तेज संगीत और हेडफ़ोन' से सुनने से भी सावधान किया। अलका ने कहा, आप सभी के प्यार और समर्थन से मैं अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने और जल्द ही आपके बीच लौटने की उम्मीद कर रही हूं। इस महत्वपूर्ण समय में आपका समर्थन, आपका प्यार मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं।

### सीएम साय ने की धान की बुआई



**रायपुर/बगिया।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया स्थित निवास में ग्राम देवता और ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर खेत में धान की बुआई शुरू की। श्री साय ने अपने खेत में धरती माता की पूजा-अर्चना कर विधिवत रूप से बुआई प्रारंभ की। उन्होंने प्रदेश के सभी अन्नदाताओं के अच्छे फसल के लिए कामना की।

पशु तस्करी करने के आरोप में भीड़ द्वारा मारपीट करने की घटना में दो की पहले मौत हो चुकी

## भीड़ के गुस्से का शिकार तीसरे मवेशी कारोबारी ने भी तोड़ा दम, पुलिस बयान तक नहीं ले सकी

हरिभूमि न्यूज रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में 11 दिन पूर्व नदी मोड़ स्थित महानदी पुल पर पशु तस्करी के मामले में ट्रक ड्राइवर तथा एक अन्य की पुल से गिरकर मौत मामले के चश्मदीद घायल क्लीनर सद्दाम की पुलिस में बयान दर्ज कराने के पहले अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पूरे मामले की जांच अब तकनीकी जांच पर ही आकर टिक गई है। सद्दाम का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी है। परिजन अंतिम संस्कार करने सद्दाम की लाश सहारनपुर लेकर गए हैं। गौरतलब है कि छह-सात जून की दरमियानी रात महासमुंद के रास्ते ओडिशा पशु तस्करी करने के आरोप में ट्रक में पशु ले जा रहे ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान शेष पेज 12 पर

- हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस के पास केवल तकनीकी विकल्प बाकी



पिटाई के बाद डर से कूद गए तीनों सवार, दो की मौत

### तीनों मृतकों के सिर तथा शरीर में चोट के निशान

पशु तस्करी मामले में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनके सिर तथा शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोट के निशान पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि भीड़ ने ट्रक ड्राइवर तथा उसके साथियों के साथ मारपीट की है। इसके बाद तीनों पुल से नीचे कैसे गिरे, यह अब तक स्पष्ट नहीं है।

## जन्मदिन मनाकर लौट रहे चार दोस्तों की हादसे में मौत, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

पड़ोसी राज्य ओडिशा के नुआपड़ा जिले के खड़ियाल थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अपने एक साथी का जन्मदिन मनाकर सभी कार से लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अज्ञात ट्रक से टकराते हुए सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से जा भिड़ी। हादसे में ट्रैक्टर के करीब खड़े चार ग्रामीण भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं शवों को काफी मशक्कत के बाद पुलिस व मौजूद शेष पेज 4 पर





### कई बार पलटी कार

हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर से टकराने के बाद कार पलट गई और कई टुकड़ों में बंट गई। ट्रैक्टर ट्राली का पिछला पहिया भी टूटकर बाहर निकल गया। हादसे की खबर मिलते ही खड़ियाल पुलिस और दमकलकर्मी रात में पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल खड़ियाल उप-जिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने रूशी, शुभम, देवेन्द्र और देबराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं मजदूरों का उपचार किया जा रहा था। लेकिन घायल मजदूर यदुमणि पटेल व विष्णु हंस की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया।

बड़ा दावा: बीमारियों से मिल रही राहत, जोड़ों के दर्द और अन्य बीमारियों का इलाज

## छह साल का बच्चा सरसों तेल से दूर कर रहा 'दर्द'

हरिभूमि न्यूज भानुप्रतापपुर

खास खबर

पखांजूर में एक 6 साल के बालक के चमत्कारी तेल से कई प्रकार के दर्दकारक बीमारियों में आराम मिलने का दावा किया जा रहा है। बालक द्वारा दिए गए सरसों तेल से सुबह- शाम मालिश करने पर आराम मिल रहा है। जिसके चलते दूर-दराज से लोग पखांजूर पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पखांजूर के पीव्ही 132 गांव निवासी धरवा मंडल कुछ साल पहले गांव छोड़कर ओडिशा चला गया था। अब अपने 6 वर्षीय बेटे शिवम मंडल के साथ वापस गांव पहुंचा है। गांव की एक महिला का हाथ- पैर में दर्द होने के कारण चल नहीं पा रही थी और परेशान थी। जिसे देखकर इस छोटे बच्चे ने सरसों तेल दिया और सुबह- शाम मालिश शेष पेज 4 पर





### तेल में फूंक मारा और सिर पर रखा हाथ

इलाज कराने पहुंचे रमेश मंडल, बितिका राय, भावेश हालदार क्षेत्रवासी, गणेश कोमरा पंडरीपानी निवासी ने बताया 6 वर्ष का बच्चा सरसों तेल में फूंक मारकर और सिर में हाथ रखकर घर जाने को कहते हैं। रोजना सुबह- शाम तेल मालिश करने कहता है। बताया जा रहा है कि तेल से कई गम्भीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आराम मिल रहा है।

### पिता बोले- मेरा बेटा शिवभक्त

पखांजूर क्षेत्र में छोटे से इस बच्चे का काम भारी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब दूरदराज से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। पिता धरवा मंडल की माने तो उनके बच्चे 1 साल पहले से घर में शिव मंदिर में पूजा पाठ करते हैं। अक्सर शिव भगवान की पूजा में लगे रहते हैं। उसके पास कई बीमारियों से पीड़ित रोगी आते हैं। उनको तेल देते हैं और बदले में किसी भी प्रकार फीस नहीं लेते, जो जैसा दान के रूप में देते हैं, वह रख लेता है। उन्होंने बताया सप्ताह में सिर्फ दो दिन शनिवार और सोमवार को ही यहाँ बैठते हैं।

# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

*Established under Chhattisgarh Private Universities (Established and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956*

## Admissions Open 2024-25

Toll free no. **1800-547-1065**

### courses offered @ SSPU

**Computer & IT Engineering**
- B.Tech(Hons.)
- AIML & IoT
- Cyber Security & IoT
- M.Tech

**Computer Application**
- BCA
- MCA
- DCA
- PGDCA

**Management & Commerce**
- BBA / MBA
- MBA (Part Time)
- B.Com
- B.Com (Hons.)
- M.Com

**Science & Life Science**
- B.Sc. (PCB, PCM, CS)
- B.Sc. (Hons.) (PCB, PCM, CS)
- M.Sc. (PCM) (Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology)(Computer Science)

**Health & Allied Science**
- Master in Hospital Administration

**Education**
- Diploma (Nursery Teacher Training)
- M.A. (Education)
- B.A. / M.A.
- P.G. Dip (Yoga)

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma, M. Pharma

**Arts & Social Science**
- B.A.J.M.C.
- M.A.J.M.C.
- B.J. / M.J.
- B.A. / M.A.
- B.Lib.I.Sc. / BSW
- M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
- Bachelor / Master (Physical Education & Sports)
- Certificate
- PG Diploma (Sports coaching)

*Law LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB *(Proposed)

## State of Art Infrastructure

- Canteen
- Well Furnished & Safe Hostel Facility(separate For Boys & Girls)
- Recording Room
- In-campus medical Facility
- Swimming Pool
- Gym
- Badminton Court
- Music Room
- Free Wifi
- Basketball Court
- Auditorium
- Library

www.shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 8319454783, 6232010132

---

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम्

An Autonomous Institute | APPROVED BY AICTE

25 YEARS OF EXCELLENCE

NBA UG COURSES* · NAAC "A" GRADE · nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 · INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL · AICTE · ARIIA · GREEN MENTORS · ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION

### Courses Offered @ SSTC

**B.Tech (CSE) — Code: EN111**
- Computer Science and Engineering
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Data Science)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (IOT & Cyber Security with Block Chain Technology)
- Computer Science & Technology

**B.Tech (Engineering) — Code: EN111**
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Electronics & Telecommunications Engineering
- Electronics & Computer Engineering
- Information Technology
- Civil Engineering

**M.Tech — Code: ME111**
- Machine Design
- Thermal Engineering
- Power Systems Engineering
- Electronics & Telecommunications Engineering
- VLSI Design
- CS & Engineering
- Structural Engineering
- Mech. Engineering(Prod)
- Transportation Engineering
- Geotechnical Engineering
- AI & Machine Learning

**MBA** Code: MB120

**MCA** Code: MC109

## PLACEMENTS

- 2500+ Placements in the last 3 years
- 25+ MoUs
- 220+ Recruiting Companies
- 1250+ Internships in the last 3 years

SSTC Placements 2024 Continue: Diverse Opportunities

### Our Prominent Recruiters/Top Companies

IBM · HEXAWARE · Tech Mahindra · NUCLEUS SOFTWARE · GRAMONT · accenture · amicus think·do·inspire · MACLEODS · JBM Group · awakeus · jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte. · OneBanc · Capgemini · Cognizant · TCS

for Mechanical and Electrical: JSW · UltraTech · SISCOL · INDIA

for MBA: ESAF

NSS President Award

Find us on

www.sstc.ac.in Toll free no. **1800-547-1064** 0788-4088888, 9039551113

**Beside D-Mart & Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani,Bhilai, Chhattisgarh, 490020**

रायपुर
बुधवार, 19 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 331
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.9
न्यून. 28.9

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# पुलिस रोजनामचा, डायरी में अब नहीं चलेंगे कैदखाना जरायम, इत्तिला, इमदाद, खून आलूदा, मुचलका जैसे शब्द

## उर्दू, पारसी शब्दों को हटाने डिप्टी सीएम शर्मा ने गृह विभाग को दिए निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

पुलिस कार्यवाही में अब उर्दू फारसी के आम लोगों को न समझ आने वाले शब्द नहीं चलेंगे। खून आलूदा, जरायम जैसे शब्द हटाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपर मुख्य सचिव, गृह को पुलिस की कार्यप्रणाली से उर्दू और फारसी शब्दों को हटाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस की कार्यप्रणाली में चलन से बाहर हो चुके शब्दों को हटाकर जनता की समझ में आने लायक भाषा का उपयोग किया जाए।

मिली जानकारी के अनुसार गृह मंत्री विजय शर्मा ने इसके लिए अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। बताया गया कि अब छत्तीसगढ़ में कानूनी कार्रवाई में हिंदी शब्दों का प्रयोग किया जाएगा। ऐसा करने से आम जनता को कानून की भाषा समझने में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि कानूनी कार्रवाई में रोजानामचे, फौत, बेवा, साकिन जैसे कई शब्द हैं, जो उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इसे या तो पुलिस वाले समझ सकते हैं या जज और वकील। ऐसे में आम जनता को अपना ही मामला समझ नहीं आता। अब अगर उर्दू के शब्द हिंदी में लिखे जाएंगे, तो आम जनता ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जनहित में अच्छी पहल



गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस पर कहा, 1896 के समय से पुलिस विभाग में प्रयोग में लाए जा रहे कई शब्द आम लोगों की समझ में नहीं आते, इसलिए इन्हें बदलना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 24 साल बाद व्यापक जनहित में यह अच्छी पहल होगी।




### इन शब्दों का प्रयोग होगा बंद

पुलिस की आम शब्दावली में जुर्म, कत्ल, हस्ब जेल, दस्तयाब, हमराह, आमद, इस्तगासा, तफ्तीश, अदालत, इरादतन, गैर इरादतन, गिरफ्तार, हलफनामा, तामील, मुलजिम, मुजरिम, गवाह, बयान, खैरियत, माकूल, कैदखाना, जरायम, इत्तिला, ▶▶ शेष पेज 4 पर

# कैंसर से पत्नी की मौत के बाद ही गृह सचिव ने की खुदकुशी

गुवाहाटी। असम के गृह सचिव शिलादित्य चेतिया ने मंगलवार को अपनी पत्नी के निधन के बाद गुवाहाटी के एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। 2009 बैच के आईपीएस के अधिकारी चेतिया ने गहन चिकित्सा कक्ष के अंदर अपनी सरकारी रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जहां उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। राज्य के गृह सचिव के रूप में तैनाती से पहले चेतिया तिनसुकिया और सोनितपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक और असम पुलिस की चौथी बटालियन के कमांडेंट के रूप में कार्य कर चुके थे।



■ आईसीयू में खुद को मारी गोली


### डीजीपी ने किया पोस्ट

असम पुलिस के डीजीपी जीपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि असम के गृह सचिव शिलादित्य चेतिया ने आज शाम आत्महत्या कर ली। कुछ ही मिनटों पहले उनके पत्नी को डॉक्टर ने मृत्यु की घोषणा की थी, जो लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। पूरा असम पुलिस परिवार गहरे शोक में है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा से पहले घुसपैठ रोकने की तैयारी



जम्मू। पुलिस अधीक्षक ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के तहत घुसपैठ की आशंका को देखते हुए गश्त और निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया। यह निर्देश चार आतंकवादी हमलों के बाद बढ़ते खतरे की आशंका के बीच 29 जून को शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से पहले जारी किया गया है।

### 41 हवाईअड्डों को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

नई दिल्ली। देश भर के 41 हवाई अड्डों पर मंगलवार को बम की धमकी वाले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा बलों के अफसरों और जवानों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई। जांच के बाद सभी ई-मेल फर्जी पाए गए। बताया जा रहा है कि दिल्ली और पटना सहित देश के 41 हवाईअड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी एक ई-मेल के जरिए दी गई। धमकी के बाद सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

### किरण और श्रुति चौधरी ने छोड़ी कांग्रेस



नई दिल्ली। हरियाणा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। बुधवार को नई दिल्ली में दोनों भाजपा में शामिल होंगी। भाजपा मुख्यालय में इस मौके हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे।

### रेल दुर्घटना में अब तक 10 की मौत



सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। सोमवार सुबह दुर्घटना के बाद आठ शवों को सरकारी उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया था। दो घायल व्यक्तियों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दलाई लामा से मिलने के लिए भारत पहुंची नैंसी पेलोसी



नई दिल्ली। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। प्रदेश में बीते कई दशकों से निर्वासन में रहकर अपनी सरकार चला रहे केंद्रीय तिब्बत के प्रशासन के अधिकारियों ने पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की।

## मोदी ने पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की, किसानों से किया संवाद

# किसानों के खाते में फिर आए 2000 रुपए मोदी बोले-तीसरी बार मां गंगा ने लिया गोद

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

*तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। उन्होंने किसानों को सौगात देते हुए पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की। वे किसान सम्मान सम्मेलन में पहुंचे और किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की 30,000 से अधिक महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इसके बाद वह दशाश्वमेध घाट पहुंचे और गंगा आरती में शामिल हुए। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा और दर्शन भी किया।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का आभार जताते हुए मंगलवार को कहा, अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। उन्होंने यह बात यहां मिर्जामुराद के मेंहदीगंज में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन कही। इसी दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। मोदी ने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुन कर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। मोदी ने हाल में हुए लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस चुनाव ने देश के लोकतंत्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश, हुई पुष्पवर्षा





30,000 से अधिक महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र

### दीपों से जगमग हुआ दशाश्वमेध घाट

राधे-राधे और अक्षतम केशवम, गोविंद बोले हरि गोपाल बोलो के धुन से पूरा दशाश्वमेध घाट गूंज उठा। पीएम मोदी के गंगा आरती में शामिल होने को लेकर घाट पर विशेष फूलों से सजावट की गई है। वहीं दीपों से पूरा घाट जगमग है।

### 9.26 करोड़ लाभार्थी

पीएम मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसानों को 17वीं किस्त ट्रांसफर कर दी है। पीएम मोदी ने देश भर के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के 20,000 करोड़ रुपए से अधिक जारी किए हैं। पीएम किसान योजना के तहत साल में तीन बार 2,000 रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। इससे पहले फरवरी में किसानों को 17वीं किस्त के तौर पर 2000 रुपए मिले थे।

### पांचवीं बार गंगा आरती में शामिल हुए पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी पांचवीं बार आरती में शामिल हुए। गंगा आरती के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया गया। उन्हें रुद्राक्ष की माला, प्रसाद के रूप में लाल पेड़ा दिया गया। प्रतीक चिह्न में मां गंगा, आरती का प्रतीक फोटो और पीएम का चित्र है। डमरू और घंटियों की धुन के बीच आरती की गई। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गज गंगा आरती में शामिल हुए।

## दर्री जोन के अफसरों पर एक्शन

# निगम के दो इंजीनियर को एसीबी की टीम ने घूस लेते पकड़ा



■ ठेकेदार से रनिंग और फाइनल बिल के लिए 2 प्रतिशत की हुई थी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नगर निगम के सहायक अभियंता व उप अभियंता को निर्माण कार्य के रनिंग बिल व फाइनल बिल में 2 प्रतिशत की कमीशन की राशि के 35 हजार रुपए नगद घूस लेते हुए बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन की टीम लगातार घूसखोरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के ढोढ़ीपारा के पूर्व पार्षद मनकराम साहू ने बिलासपुर एसीबी से लिखित में शिकायत की थी कि नगर निगम कोरबा के दर्री जोन के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार द्वारा निर्माण किए गए कार्य की एवज में रनिंग बिल व फाइनल बिल के भुगतान करने के लिए 2 प्रतिशत कमीशन की डिमांड की जा रही थी। मनकराम साहू ने खुद से 42 हजार की डिमांड किए जाने की शिकायत की थी।

### 35 हजार रुपए लेते पकड़ा

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अधिकारियों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। मंगलवार को टीम कोरबा पहुंची। जहां कमीशन की राशि के रूप में 35 हजार रुपए लेते हुए सहायक अभियंता डी सी सोनकर व उप अभियंता देवेंद्र कुमार स्वर्णकार को एसीबी ने रंगेहाथ पकड़ लिया। जहां दोनों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### पाली में भी पकड़े गए थे अधिकारी-कर्मचारी

ज्ञात रहे कि पिछले माह ही एंटी करप्शन की टीम ने पाली में भी घूस लेते हुए नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़ा गया था। अब एसीबी की टीम ने नगर निगम ने कार्रवाई की है जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## ब्रेक की जगह दबा दिया एक्सीलेटर

# रील बनाने के चक्कर में खाई में गिरी कार, युवती की मौत



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक लड़की रील बनाने के चक्कर में ब्रेक लगाना भूल गई और ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया। इससे हुआ यूं कि वह कार संग 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में युवती की दर्दनाक मौत हो गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की की पहचान 23 साल की श्वेता सुरवासे के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, युवती कार चलाते हुए वीडियो शूट कर रही थी, तब यह हादसा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कैसे हुआ हादसा?

पूरा मामला महाराष्ट्र के औरंगाबाद का है। यहां खुलताबाद तालुका के शूलीभंजन में स्थित एक मंदिर के पास संभाजीनगर की रहने वाली श्वेता अपने दोस्त के साथ गाड़ी चलाते हुए रील बनाने आई थी। रील बनाने के लिए श्वेता गाड़ी की ड्राइवर सीट पर बैठी और अकेले ही गाड़ी को बैक करते हुए रील बनवाने लगी। इस दौरान श्वेता ने गाड़ी में बैक गियर डाला और रेस देना शुरू किया। श्वेता की गाड़ी लगातार पीछे जाती हुई दिखी और देखते ही देखते उसने रेस पर पैर तेजी से रखना शुरू कर दिया। लास्ट में वह ब्रेक नहीं लगा पाई और गाड़ी समेत खाई में जा गिरी।

### मौके पर ही श्वेता ने तोड़ दिया था दम

जिस मंदिर परिसर में श्वेता और उसका दोस्त ये रील बनाने आए थे वह पहाड़ी इलाका है। बरसात के मौसम के समय यह मंदिर बहुत ही प्रभावित करने वाला होता है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक मंदिर देखने आते हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार को श्वेता और उसका दोस्त मंदिर आए थे। वहां श्वेता गाड़ी चलाते हुए रील बनवाने लगी, लेकिन किसे पता था कि इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। श्वेता गाड़ी समेत 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कहा जा रहा है कि श्वेता की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## कांग्रेस का धरना...



रायपुर। बलौदाबाजार की घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर के राजीव गांधी चौक में धरना को संबोधित किया।

## खेत में कर रहे थे काम

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

खेत में धान की बुआई करने के लिए गांव के तीन लोग खेत पर काम कर रहे थे कि इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी के साथ जमकर बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए खेत में काम कर रहे एक महिला सहित तीन लोग महुआ पेड़ के नीचे शरण लेने जा पहुंचे। जहां इसी बीच आकाशीय बिजली सीधे महुआ पेड़ पर आ गिरी। जहां आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### घायल का उपचार

पास में काम कर रहे लोगों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी जब इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी गई। जहां प्रशासन पुलिस की मदद से गंभीर रूप से घायल मनबोध को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि बसंती और भुवनेश्वर की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## सेलिब्रिटी ब्रांड रैंकिंग रिपोर्ट, तीसरे स्थान पर शाहरूख

# रणवीर को पीछे छोड़ विराट सबसे बड़े 'सेलिब्रिटी' ब्रांड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली 2023 में 22.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ भारत के सबसे मूल्यवान 'सेलिब्रिटी' बन गए हैं। सलाहकार कंपनी क्रॉल ने एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहली ने रणवीर सिंह को पीछे छोड़ते हुए 2022 के 17.69 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के मुकाबले 29 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। रणवीर सिंह 20.31 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इससे पिछले साल वह पहले स्थान पर थे। क्रॉल की सेलिब्रिटी ब्रांड मूल्यांकन रिपोर्ट 2023 के अनुसार कोहली की ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अक्षय- आलिया पीछे खिसकीं

शाहरूख खान की जोरदार बढ़त के कारण अन्य हस्तियां सूची में पीछे खिसक गई हैं। इसमें अक्षय कुमार 2022 के तीसरे स्थान से 2023 में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उनका ब्रांड मूल्य 11.17 करोड़ डॉलर था। इसी तरह आलिया भट्ट 10.11 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गईं। दीपिका पादुकोण 2023 में 9.6 करोड़ डॉलर के साथ छठे स्थान पर रहीं।

### धोनी सातवें, सलमान दसवें

एम एस धोनी 9.58 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ सूची में सातवें स्थान पर रहे। सचिन तेंदुलकर 9.13 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ सूची में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। सलमान खान इस सूची में दसवें स्थान पर हैं। शीर्ष 25 सेलिब्रिटी का कुल ब्रांड मूल्य 2023 में 1.9 अरब डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत अधिक है। शीर्ष 25 सेलिब्रिटी में अभिनेत्री कियारा आडवाणी और कैटरीना कैफ भी शामिल हैं।

## चिंतन

# रोजमर्रा की चीजों की बढ़ती महंगाई पर लगाम जरूरी

बेशक शेयर बाजार नित नए रिकार्ड बना रहे हों, जीएसटी कलेक्शन नई ऊंचाई छू रहा हो, प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा चार लाख करोड़ को पार कर गया हो, जीडीपी ग्रोथ के अनुमान सात फीसदी से ऊपर लगाए जा रहे हों, रिजर्व बैंक नीतिगत दरें नहीं बढ़ा या घटा रहे हों, लेकिन अर्थव्यवस्था की दूसरी तस्वीर पीड़ा देने वाली है। आम आदमी को प्रभावित करने वाली महंगाई प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। देश में इस वक्त गेहूं का भंडार 16 वर्ष में सबसे कम है, सरकार ने 29 फीसदी कम खरीद की है। गेहूं एक साल में 8% महंगा हुआ है। पिछले 15 दिन में ही कीमतें 7% बढ़ चुकी हैं, जो अगले 15 दिन में 7% और बढ़ सकती हैं। आंकड़ों में बेशक महंगाई नियंत्रित लग रही हो, लेकिन लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों की हर वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। दूध, गेहूं आटा, चावल, ब्रेड, बटर, पनीर, दही, लस्सी, पैक्ड फूड, आइसक्रीम, चॉकलेट, चायपत्ती, कॉफी, साबुन, हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, खाद्य तेल, दाल, गुड़, सब्जी, फल, बोतलबंद पानी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, नूडल्स आदि सभी के भाव दो से बीस प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। गरीब, नियो मिडिल क्लास, निम्न मध्यवर्ग, नौकरीपेशा मिडिल क्लास आदि के लिए दैनिक जीवनयापन मुश्किल से मुश्किल होता जा रहा है। इन सभी आयवर्ग में देश में करोड़ों लोग हैं। देश की खाने-पीने से जुड़ी कंपनियां मनमाने ढंग से अपने उत्पादों के दाम बढ़ा रही हैं, इसको लेकर सरकार की ओर से चेक एंड बैलेंस नहीं हैं। इतना ही नहीं हाल के दिनों में इलेक्ट्रानिक गजट से लेकर लैपटॉप, टीवी, कंप्यूटर, फ्रीज, एसी, कूलर, पंखा आदि के दाम भी दस से बीस प्रतिशत बढ़ गए हैं, सभी प्रकार के वाहन महंगे हैं, पेट्रोल और डीजल के दाम पहले से लागत से बहुत अधिक हैं, सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां मुनाफा काट रही हैं, टॉल टैक्स की दरें ज्यादा हैं, रेल किराये से लेकर बस किराये तक बढ़ते गए हैं। आम आदमी हर तरफ से महंगाई के चक्रव्यूह में हैं। सरकार की मूल्य नियंत्रण प्रणाली या तो सीमित है या निष्प्रभावी है। देश में चीजों की कमी नहीं है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला के दायरे में आने वाले हर चीज इंटरलिंक्ड है। इसलिए महंगाई को नियंत्रित करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। सरकार रिजर्व बैंक के भरोसे है कि वह महंगाई को नियंत्रित कर रहा है। रिजर्व बैंक के पास केवल मौद्रिक नीति हथियार है। रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति के जरिये रेपो रेटों को नियंत्रित रखता है, महंगाई अधिक होती है, तो रेपो रेट बढ़ा दिए जाते हैं, महंगाई कम होती है तो रेपो रेट घटा दिए जाते हैं। रिजर्व बैंक अपने इस कदम से केवल पूंजी बाजार में लिक्विडिटी को नियंत्रित करता है। रिजर्व बैंक का मौद्रिक उपाय महंगाई नियंत्रण के लिए किए जाने वाले कई उपायों में से एक है। इससे महंगाई पूरी तरह नियंत्रित नहीं का जा सकती है। महंगाई नियंत्रण के लिए सरकार को अनेक मोर्चे पर काम करना होगा। कंपनियों की प्राइसिंग पद्धत्ति, आपूर्ति सिस्टम में सुधार, जमाखोरी व कालाबाजी पर रोक, कंपनियों द्वारा दाम बढ़ाने के मनमाने तरीके पर लगाम आदि काम करने होंगे। देश में सेबी या इरडा या ट्राई की तरह प्राइसिंग सिस्टम व कंट्रोलिंग नियामक का गठन करना होगा, जो मूल्य नियंत्रण के लिए मूल्य निर्धारण से लेकर आपूर्ति तंत्र तक के लिए काम करेगा। पीएम मोदी की नई राजग सरकार को महंगाई नियंत्रण के लिए आउट ऑफ बॉक्स जाकर नया मैकेनिज्म बनाना चाहिए। यह महंगाई ही थी, जो लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा को नुकसान पहुंचाई है। मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। महंगाई उच्च रहने से लोगों की परचेजिंग पावर कम होती जाती है, इससे बचत प्रभावित होती है, जो अंततः अर्थव्यवस्था की विकास दर को प्रभावित करती है। इसलिए उच्च महंगाई दर पर नियंत्रण जरूरी है।

## दिवस विशेष

डॉ. ए. आर. दल्ला



# सिकलसेल:रोशनी की तलाश

सिकलसेल एनीमिया एक ऐसी अनुवांशिक बीमारी है, जिससे विश्व के पांच प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। सिकलसेल रोग के कारण विश्व में 5000 बच्चे प्रतिदिन पैदा होते हैं और इसमें से 60 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु 5 वर्षों के पहले हो जाती है। सदियों तक इस बीमारी की पहचान नहीं हो सकी। वर्ष 1910 में डॉक्टर मेसन एवं जेम्स हेरिक ने पहली बार अपने माइक्रोस्कोप में लाल रक्त के गोलाकार हीमोग्लोबिन को हसिये के अर्धचंद्रार विकृत रूप में इसे देखा इस विकृति में हीमोग्लोबिन के लाल रक्त कण नुकीले और कठोर होकर शरीर की सुक्ष्म रक्तवाहिनों में फंसकर रक्त प्रवाह बाधित कर देते हैं। परिणामस्वरूप फेफड़े, तिल्ली, लिवर, किडनी, और मस्तिष्क जैसे अंगो को प्रभावित कर अल्प आयु में ही मृत्यु का कारण भी बनते हैं। बहुत दिनों तक इस रोग के निदान पर प्रगति नहीं हुई। पहले यह रोग अश्वेत अफ्रीकन लोगों का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह विकृति भारत, अरब, और मेडिटरेनियन के ऐसे देशों में व्याप्त है जहां घने जंगल है और मलेरिया का प्रकोप है। कालांतर में प्रवासित लोगों के माध्यम से यह रोग यूरोप और अमेरिका तक पहुंचा। वर्ष 1952 में भारत में इसका संज्ञान लिया गया। देखा गया कि यह रोग मध्य भारत के गुजरात, विदर्भ, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, और आंध्रप्रदेश की एक पट्टी में देखा गया,जहां आदिवासी और पिछड़े लोग बहुतायत से रहते हैं। इस क्षेत्र में 15 से 30 प्रतिशत लोग सिकल रोग के वाहक हैं। अनुमान है कि विश्व के आधे सिकल वाहक भारत में रहते हैं। अंततः वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र ने इसका संज्ञान लिया और घोषणा की कि सिकलसेल ऐसी घातक अनुवांशिक बीमारी है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अपने प्रस्ताव में कहा कि विश्व के सभी प्रभावित देश अपने स्वास्थ्य कार्यक्रम में इस रोग को स्थान दें। इस पृष्ठभूमि में संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाने की घोषणा की। इस वर्ष 2024 के विश्व सिकल दिवस पर सभी प्रभावित देशों को एकजुट होकर जनजागरण अभियान चलाने का थीम दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही इस रोग का संज्ञान लिया जा चुका था। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2004 से 'प्रोजेक्ट सिकल छत्तीसगढ़' प्रारंभ हुआ, रायपुर में मालेकुलर और जेनेटिक लैब की स्थापना हुई। वर्ष 2008 में रायपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिकल कांग्रेस में, विश्व का ध्यान आकर्षित करने हेतु एक प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम को भी सौंपा गया। रायपुर में देश के पहले सिकलसेल नियंत्रण संस्थान की स्थापना हुई। भारत में राष्ट्रीय स्तर सिकल कार्यों को प्रगति तब मिली जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका संज्ञान लिया। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होने अपने पहले जापान दौरे में ही याकोहोमा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को सिकल रोग के उन्मूलन के अनुसंधान पर विशेष कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ने सिकलसेल की रोकथाम के लिए मध्य प्रदेश के शहडोल में एक विशेष सिकलसेल नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। प्रारंभिक तौर पर यह भारत के 17 प्रभावित राज्यों के 275 जिलों के आदिवासी इलाकों में सिकलरोग के सर्वेक्षण, रोकथाम एवं जनजागरण का मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक सिकल व्याधि के उन्मूलन का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। इस अवसर पर प्रभावित जिलों के डॉक्टर, नर्सों और शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक विशेष मॉडल का विमोचन भी किया गया। सिकल पीड़ित विवाह योग्य युवकों के लिए जेनेटिक काउंसलिंग के लिये एक डिजिटल कार्ड भी बनाया गया है। अफ्रीका के सिकल रोग की तुलना में भारतीय सिकल रोगग्रस्त शिशुओं में फीटल हीमोग्लोबिन की मात्रा अधिक है, इसके चलते भारत के सिकलग्रस्त बच्चों में दर्द की तीव्रता और मृत्युदर कम देखी गई है। इस तथ्य के आधार पर अब फीटल हीमोग्लोबिन को एडल्ट हीमोग्लोबिन में परिवर्तित करने की जेनेटिक इंजीनियरिंग पर कार्य हो रहा है। इसके अन्वेषण करने के लिए नवजात बच्चों का रक्त परीक्षण किया जाना आवश्यक है। हायड्रोक्सी यूरिया और कुछ नई दवाओं के चलते सिकलिंग की प्रक्रिया में कमी आई है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से जीन रिप्लेसमेंट पर कार्य हो रहे हैं। अब फिटल हीमोग्लोबिन को एडल्ट हीमोग्लोबिन में परिवर्तित कर सिकलसेल रोगी को दिया जा सकेगा। आने वाले समय में प्रयोगशाला में नए जीन का निर्माण कर बोनमैरो के विकृत जीन के बदले स्वस्थ जीन को प्रतिस्थापित किया जाने पर भी शोध चालू है। समय बदल रहा है। आने वाला समय, नई रोशनी लेकर आएगा। भविष्य में हम सिकल गाथा की पूर्ण समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। (लेखक छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट सिकल के पूर्व अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जल संकट को दूर करने के उपाय हों



ज्वलंत मुद्दा
योगेश कुमार गोयल

पानी को लेकर कुछ समय पूर्व सामने आई वैश्विक संकट की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला यह तथ्य सामने आया था कि जल संरक्षण के प्रयासों को गति देने के बजाय दुनियाभर में पानी को बेतहाशा बहाया गया है। ऐसे में 'जल है तो कल है' जैसे नारे केवल किताबों तक ही सीमित दिखते हैं। केवल यह समझने से ही काम नहीं चलेगा कि पानी की एक-एक बूंद बेशकीमती है, बल्कि इसे सहेजने के लिए भी देश के हर नागरिक को संजीदा होना पड़ेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून दस्तक दे चुका है, जो इस महीने के अंत तक उत्तर भारत में भी पहुंच जाएगा। विकराल होती समस्या के मद्देनजर बेहद जरूरी है कि पानी की बूंद-बूंद सहेजने के लिए तैयारी कर लें।

एक ओर जहां भीषण गर्मी के कारण देश के अनेक हिस्सों में प्राकृतिक जलस्त्रोतों के सूखने के कारण वहां जल संकट गंभीर हो रहा है, वहीं इन दिनों आरोप-प्रत्यारोपों और सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई को लेकर देश की राजधानी दिल्ली के जल संकट का मामला भी सुर्खियों में है। गर्मी के मौसम में हर साल की यही कहानी है। कहीं जलस्त्रोतों के सूखने के कारण लोग पानी की समस्या से जूझते हैं तो कहीं विभिन्न राज्यों के बीच जल बंटवारे को लेकर खींचतान शुरू हो जाती है। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी नदी के जल बंटवारे का मुद्दा समय-समय पर तूल पकड़ता है, वहीं 1966 में हरियाणा के अस्तित्व आने के बाद से ही हरियाणा और पंजाब के बीच भी सतलुज नदी के जल बंटवारे का विवाद गर्माता रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देश पानी के अभूतपूर्व संकट से जूझ रहे हैं।

पानी को लेकर कुछ समय पूर्व सामने आई वैश्विक संकट की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला यह तथ्य सामने आया था कि जल संरक्षण के प्रयासों को गति देने के बजाय दुनियाभर में पानी को बेतहाशा बहाया गया है। ऐसे में 'जल है तो कल है' जैसे नारे केवल किताबों तक ही सीमित दिखते हैं। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट की इस रिपोर्ट में आशंका व्यक्त की गई थी कि यदि पानी नहीं बचाया गया तो दुनियाभर में आने वाले वर्षों में जीडीपी के नुकसान के साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा संकट तक का खतरा बन सकता है। दरअसल पानी न केवल ऊर्जा और कृषि उत्पादन के लिए आवश्यक घटक है बल्कि औद्योगिक उत्पादन भी पूरी तरह से पानी पर ही निर्भर करता है, ऐसे में जल संकट बढ़ने का सीधा सा अर्थ है विकास के पायदान पर तेजी से नीचे गिरना। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में चेताते हुए बताया गया था कि दुनिया की करीब एक चौथाई आबादी वाले 25 देशों में जल संकट तेजी से बढ़ रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2050 तक इन देशों की जीडीपी को आधे से ज्यादा नुकसान हो जाएगा। चिंता की बात यह है कि जिन 25 देशों का इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया, उनमें भारत भी सूची में 24वें स्थान पर शामिल था। पानी को लेकर वैश्विक संकट की यह रिपोर्ट यह दर्शाने के लिए पर्याप्त है कि जल संरक्षण को लेकर किसी की कोई दूरगामी तैयारी नजर नहीं आती। जल संकट को यदि भारत के ही संदर्भ में देखें तो गहराते जल संकट की भयावहता को इसी से समझा जा सकता है कि इस साल गर्मी की शुरूआत से पहले ही बेंगलुरु में पानी के लिए कई दिनों तक हाहाकार मचा रहा था, जहां स्थिति अब तक सामान्य नहीं हो पाई है। देश में मानसून काल में अरबों-खरबों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है, जबकि दूसरी ओर बारिश के मौसम में अब हर साल कई राज्यों में पानी से भारी तबाही की तस्वीरें लगातार सामने आती रहती हैं, ऐसे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नियम-कायदे किताबों से निकलकर धरातल पर आते प्रतीत नहीं होते। देश में जल संकट गहराते जाने की प्रमुख वजह है भूमिगत जल का निरन्तर घटता स्तर। एक ओर जहां ग्रामीण इलाकों में सिंचाई के लिए भूजल का दोहन हो




रहा है तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में उद्योगों में बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन किया जा रहा है। हमारे यहां स्थिति इतनी विकट है कि गर्मी के मौसम की शुरूआत के साथ ही कई जगहों पर लोगों के बीच पानी को लेकर मारपीट की नौबत आ जाती है, लेकिन बारिश के मौसम में इसी पानी से तबाही की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। हालांकि जलशक्ति मंत्रालय के आंकड़ों से यह अवश्य पता चलता है कि देश में भूजल दोहन में विगत पांच वर्षों के मुकाबले कुछ सुधार हुआ है और यह 63 से 60 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है, लेकिन पांच वर्षों के अंतराल में भूजल दोहन में महज तीन फीसद की ही कमी आने को संतोषजनक नहीं माना जा सकता। विशेषज्ञों के मुताबिक आगामी 25-25 वर्षों की जरूरत के लिए नदी जोड़ो योजनाएं तो स्वीकृत की गई हैं,लेकिन इसके साथ ही पुरानी जल संरचनाओं को सहेजने तथा नई विकसित करने की ओर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि तर्क दिया जा सकता है कि देश की बढ़ती आबादी के हिसाब से पानी की जरूरत भी बढ़ती गई है और 1960 के बाद से अभी तक पानी की मांग दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है, लेकिन जल संकट की मूल समस्या पानी की मांग का बढ़ना नहीं बल्कि जल संरक्षण की बड़े स्तर पर अनदेखी है। जलशक्ति मंत्रालय की ही रिपोर्ट बताती है कि देश के कुछ राज्यों में अभी भी भूजल का जमकर दोहन हो रहा है, जिनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा इत्यादि सबसे आगे हैं। एक ओर पानी के बंटवारे को लेकर विभिन्न राज्यों के बीच आपसी विवाद और दूसरी ओर भूमिगत जल का गिरता स्तर, ये परिस्थितियां देश में जल संकट की समस्या को और विकराल बनाने के लिए काफी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय दुनियाभर में करीब 3 बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग यह समस्या झेल रहे हैं। पानी की समस्या एशिया में और खासतौर से भारत में तो काफी गंभीर रूप धारण कर रही है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्त्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के मुताबिक पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन फीसदी पानी ही स्वच्छ है और उसमें से भी लगभग दो फीसदी पानी पहाड़ों और ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि बाकी एक फीसदी पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। शेष पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी नहीं है।

स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक भूजल के अलावा नदियों, जलाशयों और वर्षा से जितना पानी उपलब्ध है, वह हमारी न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की जरूरतों के लिए भी पर्याप्त है लेकिन बढ़ते शहरीकरण ने जलाशयों और छोटी नदियों को निगल लिया है। ऐसे में प्रभावी रूप से भूजल का दोहन कम करने के साथ-साथ प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है। गहराते जल संकट से बचाव का यही एकमात्र रास्ता नजर आता है। बहरहाल, केवल यह समझने से ही काम नहीं चलेगा कि पानी की एक-एक बूंद बेशकीमती है, बल्कि इसे सहेजने के लिए भी देश के हर नागरिक को संजीदा होना पड़ेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून दस्तक दे चुका है, जो इस महीने के अंत तक उत्तर भारत में भी पहुंच जाएगा। ऐसे में जल संकट की विकराल होती समस्या के मद्देनजर बेहद जरूरी है कि पानी की एक बूंद-बूंद सहेजने के लिए अभी से पूरी तैयारी कर लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।


## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
**प्रेरणा**

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बढ़ती जाएगी मरुस्थल और सूखे की समस्या**

17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1995 से हर वर्ष 17 जून को मरुस्थलीय और सूखे से निपटने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष इस दिवस का थीम है : धरती के लिए एकजुट : हमारी विरासत, हमारा भविष्य। आज लगभग सारी दुनिया में प्रकृति का दोहन हो रहा है, प्रदूषण बढ़ रहा है और पर्यावरण बिगड़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन हुआ है। इन सभी कारणों के कारण सारी दुनिया के मरुस्थलीय और सूखे की चपेट में आने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसके लिए सारी दुनिया चिंता में है। *- सरोज साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# एआई यहूदी नरसंहार पर झूठी जानकारी दे सकता है

संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने चेताया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में होते जा रहे विकास के परिणामस्वरूप यहूदी नरसंहार (होलोकॉस्ट) की घटना से इनकार के मामलों में नया उछाल आ सकता है।



यूनेस्को द्वारा मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया है कि एआई के परिणामस्वरूप यहूदी नरसंहार के बारे में ऑनलाइन झूठे और भ्रामक दावे किए जा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि ऐसा या तो 'प्रोग्राम' में खामियों के कारण होगा या फिर नफरत करने वाले समूह और 'होलोकॉस्ट' से इनकार करने वाले लोग जानबूझकर एआई 'प्रोग्राम' का उपयोग ऐसी सामग्री उत्पन्न करने के लिए करेंगे जो नाजियों द्वारा यहूदियों और अन्य समूहों की हत्या पर गलत तरीके से सवाल उठाएगी। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि एआई का उपयोग 'होलोकॉस्ट' के तथाकथित डीपफेक बनाने के लिए किया जा सकता है। ऐसा यह बताने के लिए किया जा सकता है कि 'होलोकॉस्ट' जैसा कुछ हुआ ही नहीं था या फिर यह अतिरंजित था। इससे यहूदी विरोधी भावना बढ़ सकती है और 20वीं सदी के इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण से जुड़ी समझ में कमी आ सकती है।

## ऑफ बीट

# प्राचीन जीव हाइड्रोजन पर जीवित रह सकते हैं

ब्रह्मांड में सभी पदार्थों का तीन-चौथाई हिस्सा हाइड्रोजन से बना है। भयंकर भूवैज्ञानिक और ज्वालामुखी गतिविधि के कारण युवा पृथ्वी भी हाइड्रोजन से



समृद्ध थी। जिस तरह तारे परमाणु प्रतिक्रियाओं के माध्यम से गर्मी और प्रकाश उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन को जलाते हैं, उसी तरह रासायनिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से इस सरल अणु से ऊर्जा निकालकर जीवन का उदय हुआ। इनमें से कुछ प्रारंभिक जीवन रूप आर्किया थे: जीवन का एक रहस्यमय तीसरा रूप जिसे केवल 1970 के दशक में खोजा गया। (अन्य दो रूप बैक्टीरिया और यूकेरियोट्स हैं, वह समूह जिसमें सभी जानवर, पौधे और कवक शामिल हैं।) हमने यह समझने के लिए आर्किया की हजारों प्रजातियों का अध्ययन किया है कि वे हमारे लगातार बदलते ग्रह पर अरबों वर्षों तक कैसे पनपी हैं। उनके आनुवंशिक ब्लूप्रिंट में हमें हाइड्रोजन गैस से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए विशेष एंजाइम (जिन्हें हाइड्रोजनेसिस कहा जाता है) के उत्पादन के संकेत मिले, जो उन्हें पृथ्वी पर कुछ सबसे कठिन वातावरणों में जीवित रहने में मदद देता है। हमारा नवीनतम शोध सैल और नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।

## ट्रेंड

### साई की अहम भूमिका



देश-विदेश में होने वाले विभिन्न प्रकार के खेल आयोजनों में भारतीय खेल प्राधिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इसको और अधिक सुदृढ़ करने पर हम कार्य करेंगे। साई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और इसकी कार्यप्रणाली के विषय पर चर्चा की।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### यथार्थ बोध परम लक्ष्य



जीवन का परम लक्ष्य यथार्थ बोध ही है। सत्संग का आश्रय लेकर अपने अस्तित्व को अनुभूत करने का प्रयत्न करना चाहिए। हम अंतर्मुखी हों। शरीर, मन, बुद्धि की सीमाओं से पृथक होकर आत्मा की दिव्यता का अनुभव हमारी प्राथमिकता बने।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### संगठित भ्रष्टाचार



नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ



मोदी सरकार का घोटाला है नीट। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ है। 720 नंबर 67 बच्चे टॉप कर गए एक साथ, क्या ये संभव है? जब 14 जून को परिणाम आने थे तो 4 जून को चुनावी नतीजे के समय परिणाम क्यों घोषित किए?
**-संजय सिंह, आप नेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला



# तलाक की खबरों के बीच निखिल को फैंस ने खूब सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** दलजीत कौर और निखिल पटेल के बीच की खटास अब जग-जाहिर हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने पति पर शादीशुदा होने के बावजूद एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर होने के आरोप लगाए थे जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए दोनों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा था। अब उनकी ये आपसी अनबन तलाक तक जा पहुंची है।हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन्या के कोर्ट में कपल की अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इन सबके बीच हाल ही में दलजीत कौर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को दूसरी बार तलाक का दर्द झेलता देख उनके फैंस का कलेजा पसीज गया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस सामने आकर उन्हें तसल्ली और सांत्वना दे रहे हैं। जहां कई फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है, तो कई ने उनके पति निखिल पटेल को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई है। एक सोशल मीडिया यूजर दलजीत कौर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'वो बुड्ढा था बहुत ज्यादा.. तुम्हें उससे शादी नहीं करनी चाहिए थी। तुमने उस उम्रदराज इंसान से शादी क्यों की। तुम्हें कोई काफी अच्छा इंसान मिल जाता।'

## बॉडीगार्ड ने सरेआम की थी बदतमीजी मना करने पर भी बार-बार किया था टच

**नई दिल्ली।** अविका गौर टीवी पर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सीरियल 'बालिका वधू में 'आनंदी' का किरदार निभा घर-घर में पहचान बनाई। छोटे पर्दे से निकलकर अविका गौर साउथ सिनेमा और



हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में अविका गौर ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वह अपने बॉडीगार्ड की हरकत से सकते में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ सरेआम बदतमीजी की थी। ये वाकया कजाकिस्तान का है। अविका गौर ने अपने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे याद है किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की थी। मैंने जब पीछे मुड़कर देखा तो वहां सिर्फ मेरा बॉडीगार्ड मौजूद था। मैं फिर जब स्टेज पर जा रही थी तब दोबारा किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, लेकिन वहां मेरे बॉडीगार्ड के अलावा कोई और नहीं था। मुझे लगा ये दोबारा होने वाला है और मैंने उसे रोका और बोला 'क्या'ये शर्मनाक था और फिर उसने माफी मांगी। उन्होंने सोचा कि अब वह और क्या करें।

# ऋतिक ने दी ये सलाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋतिक रोशन की बहन और म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पश्मिना रोशन 'इश्क विश्क रिबाउंड'से बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म में वह फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच पश्मिना ने एक साक्षात्कार में ऋतिक रोशन से मिली सलाह के बारे में साझा किया। साक्षात्कार के दौरान पश्मिना से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें उनके भाई ऋतिक और चाचा राकेश रोशन से कोई सलाह मिली है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, 'बिल्कुल, मुझे एक कलाकार के रूप में कैसे सुधार करना है और जीवन में कैसे खुद को बेहतर बनाना है, इसके लिए मुझे उनसे सलाह मिली है। एक फिल्म या एक फिल्म निर्माता को एक चरित्र की आवश्यकता होती है। इससे कम पर समझौता नहीं किया जा सकता। असली खेल तो अब शुरू हो रहा है। मैं शुक्रवार को 'इश्क विश्क रिबाउंड'से डेब्यू कर रही हूं। इस फिल्म के बाद मुझे एक फ्रीलांसर की तरह और काम ढूंढना होगा।' अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने इतनी देर से क्यों डेब्यू किया, तो उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में होना इतना आसान नहीं है।



# गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास

**मुंबई।** आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हो चुके हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब बॉक्स ऑफिस पर उनके नाम से ही फिल्में सुपरहिट हुआ करती थीं। लाइमलाइट से दूर हो चुके गोविंदा की ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें आप बार-बार भी देखें तो मन नहीं भरेगा। आज हम आपको गोविंदा की उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 2 करोड़ में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन रिलीज होते ही यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई और कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। एक्शन से लेकर कॉमेडी तक, गोविंदा ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में कीं और उन सभी में उन्हें सफलता भी मिली। ठीक ऐसी ही एक फिल्म थी 'आंखें' जो साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गोविंदा की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही हंगामा मचाने लगी थी, जो बेहद ही कम बजट में बनकर तैयार हुई थी। विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म 'आंखें' साल 1993 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो डेविड धवन द्वारा निर्देशित और अनीस बज्मी द्वारा लिखित थी।



इस फिल्म में गोविंदा के साथ चंकी पांडे, रितु शिवपुरी, रागेश्वरी, शिल्पा शिरोडकर, बिंदू, हरीश पटेल, शक्ति कपूर, महावीर शाह और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

# जो करने का मन है, वही करना चाहिए : नीरज पांडे

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

## जुहू पीवीआर में 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट

13 जून को मुंबई के जुहू स्थित पीवीआर में अजय देवगन, तब्बू, जिम्मी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर स्टारर फिल्म 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ-साथ डायरेक्टर नीरज पांडे और संगीतकार एम एम कीरवानी भी मौजूद थे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान सभी ने प्रेस के सवालों के जवाब दिए।

***16 साल बाद नीरज पांडे लेकर आए लव स्टोरी :*** डायरेक्टर नीरज पांडे ने अब तक 'स्पेशल 26' , बेबी और एम एस धोनी जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया है। वहीं इतने सालों बाद रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा में हाथ आजमाने जा रहे हैं । नीरज पांडे ने बताया कि 16 साल पहले वो रोमांटिक फिल्म ही बनाने चाहते थे लेकिन तब उन्हें कोई प्रोड्यूस करना नहीं चाह रहा था, इसलिए इतना समय लग गया। वहीं आज के समय में रोमांटिक फिल्म बनाने के रिस्क के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा- 'जो करने का मन है वही करना चाहिए और अगर सभी एक्शन फिल्में बना रहे हैं तो जरूरी है कि मैं इसके उलट लव स्टोरी बनाऊं'।



### तब्बू और अजय की खट्टी-मीठी केमिस्ट्री


तब्बू और अजय देवगन ने 1994 में पहली बार साथ काम किया था और दोनों की केमिस्ट्री फैंस को पसंद भी आती है। लॉन्चिंग के दौरान दोनों के बीच खट्टी-मीठी केमिस्ट्री देखने को मिली। तब्बू ने बताया कि अजय देवगन सारी गॉसिप उनसे पूछते हैं ।

### फीलिंग्स कभी नहीं बदलती : अजय

ये एक रोमांटिक लव स्टोरी ड्रामा फिल्म है, ऐसे में पूछा गया कि 2024 में प्यार किस तरह बदल चुका है ? इस पर अजय देवगन ने जवाब दिया - 1824, 1724 हो या 1624... फीलिंग्स हमेशा एक ही समान रहती है । आप बस कितना अभिव्यक्त कर पाते हो इसका ही फर्क है।

### इस उम्र में रोमांटिक रोल करने पर तब्बू का जवाब

'पहले तो मैं डायरेक्टर नीरज पांडे को धन्यवाद देना चाहती हूं मुझे फिल्म में लेने के लिए'। आगे उन्होंने कहा- रोमांस युवा या किसी एज ग्रुप का नहीं, यहां बंदिशें नहीं हैं। एक रिलेशनशिप, प्यार या रोमांस से बड़ा और खूबसूरत होता है और एक ह्यूमन रिलेशनशिप को जानने का कोई अंत नहीं होता। फिल्म का निर्माण एन.एच स्टूडियोज ने किया है। वहीं ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




भारत से विश्व तक!

भुज का स्मृतिवन भूकंप संग्रहालय अब 2024 के दुनिया के सबसे खूबसूरत संग्रहालयों में शामिल!

भुज स्थित स्मृतिवन भूकंप संग्रहालय को यूनेस्को के प्रसिद्ध "प्रिक्स वर्सेल्स म्यूजियम 2024" द्वारा वास्तुकला के लिए वार्षिक रूप से प्रस्तुत किए जाने वाले वैश्विक चयन सूची में विश्व के सबसे सात सुंदर संग्रहालय में से एक के रूप में स्थान दिया गया है।

इस ऐतिहासिक चयन से पहली बार एक भारतीय संग्रहालय को "प्रिक्स वर्सेल्स म्यूजियम 2024" जैसा प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे गुजरात को एक नई वैश्विक पहचान मिली है।

नवीन एवं अत्याधुनिक वास्तुकला के साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजे भुज स्मृतिवन को प्राप्त राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार और सम्मान, जो भारत को गौरवान्वित करते हैं।

Prix Versailles Museums 2024 — World Selection for the Prix Versailles Museums 2024
Red Dot Design Award — Brands and Communication Design
A' Design Award — Best International Exhibition Design Project.
Global Architeture Design Award — Gold Award - Green Architecture
Global Architeture Design Award — Platinum Award - Cultural Architecture
London Design Award — Platinum Award - Interior Design
SBID International Design Award — Public Spaces
Inavate APAC Award — Visitor Attraction
Architectural Digest Global WOW List Winner — Featured in the top 13 list of the most impressive museums in the world

"कच्छ स्थित स्मृतिवन उन लोगों के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जिन्हें हमने 2001 के दुखद भूकंप में खो दिया था। यह मानवीय सहनशीलता और साहस की भी याद दिलाता है। मुझे खुशी है कि इस संग्रहालय को प्रिक्स वर्सेल्स म्यूजियम, 2024 के लिए विश्व चयन में जगह मिली है।"

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत

Smritivan Earthquake Museum | Smritivan | smritivanearthquakemuseum.com | smritivanearthquakemuseum | Smritivanearthquakemuseum

## जैकेट के शेष

### रायपुर में ड्रोन .....

के दोनों तरफ रेत उत्खनन किया जा रहा था। 5 से 7 चेन माउंटेन मशीन एवं 30 से 40 हाइवा सहित अन्य गाड़ियां खड़ी मिली। इन गाड़ियों में मशीन के जरिए नदी के अंदर पानी के नीचे से रेत निकालकर लोडिंग कराया जा रहा था। दूसरी ओर जगह-जगह पर रेत के अवैध भंडारण भी किए जा रहे हैं। अवैध रेत भंडारण मामले में मंदिर हसौद क्षेत्र में कार्रवाई भी की गई है। यहां 120 हाइव रेत को जब्ती बनाया गया है।

### बैन के बाद ....

दुर्ग, अंबिकापुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, जांजगीर चांपा, रायगढ़ और बेमेतरा सहित अन्य जिलों के रेत खदानों की लाइव पड़ताल की। इस पड़ताल में एनजीटी और प्रशासन दोनों के निर्देश कागजों में ही सिमटते नजर आए, क्योंकि प्रतिबंध लगने के 3 दिन बाद भी खदानों में रेत का उत्खनन धड़ले से जारी दिखा।

**बिलासपुर में सेंदरी के दोनों रेत घाट में अंधाधुंध रेत खुदाई** : सेंदरी नदी के दोनों रेत घाट और कोटा तक पड़ने वाले सभी घाटों में रेत की अवैध खुदाई हो रही है। अरपा नदी पर एक भी रेत घाट को जिला प्रशासन ने ठेके पर उत्खनन की अनुमति नहीं दी है। दूसरी ओर 15 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के नियमानुसार रेत खदान बंद रहेंगी लेकिन यह सब कागजों में है और रहेगा। माफिया भी अवैध उत्खनन में जुटे हुए हैं। शहर से लगे ग्राम कछार में रात में अवैध उत्खनन, डंप करने और सप्लाई का खेल जारी है।

**अवैध भंडारण कर तीन गुने दाम में बेच रहे** : जिन रेत घाटों को खनिज विभाग ने बंद किया था, उसे फिर से खोलकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खानापूर्ति की कार्रवाई के कारण रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतु, कछार, सेंदरी के साथ ही अरपा नदी के किनारे बसे कई गांवों में अवैध भंडारण हो रहा है। ज्यादा बारिश होने पर नदी में पानी का बहाव तेज हो जाएगा और रेत निकालना मुश्किल होगा। तब माफिया नदी में पानी का बहाना बनाकर दोगुनी कीमत पर रेत बेचेंगे। अभी भी यहां मनमानी कीमत पर रेत की बिक्री माफिया कर रहे हैं। 3200-3500 रुपए ट्रैक्टर में रेत बिक रही है तो आम जनता को मुफ्त की रेत अब भी 18 से 22 हजार रुपए हाइवा में मिल रही है। इधर खनिज विभाग का अमला केवल दिखावटी कार्रवाई में व्यस्त है।

**5 लाख जुर्माना व 5 साल की सजा का भी भय नहीं** : वैसे जानकारी के लिए बता दें कि गौण खनिजों का बिना लाइसेंस भंडारण करना भी अपराध है। अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर कड़ी से कड़ी से कार्यवाही करने गौण खनिज नियम 71 में व्यापक संशोधन किया गया है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा इस अधिनियम के अधीन ही खनिज का परिवहन या भण्डारण करना अथवा करवाना है और यदि इन उपबंधों का उल्लंघन किया जाता है तो न्यायालय द्वारा 5 वर्ष का कारावास या पांच लाख रुपए जुर्माना अथवा दोनों किए जाने का प्रावधान है। लेकिन चिंता किसे है।

**अंबिकापुर की महान और गागर में जमकर तस्करी** : खदानें बंद होने के बावजूद माफिया धड़ल्ले से रेत की तस्करी कर रहे हैं। अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की सूचना पर प्रशासन लगातार कार्रवाई भी कर रहा है लेकिन रेत माफिया पर इसका खास प्रभाव नहीं पड़ा है। निर्माण कार्यों में रेत की भारी मांग होने के कारण खदानों पर रोक होने के बावजूद तस्कर चोरी-छिपे लगातार नदियों से रेत का खनन कर रहे हैं। लखनपुर के जजगा मोड़, लटोरी, चैनपुर स्थित रेड़ नदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सीतापुर स्थित माण्ड नदी से भी सुनियोजित तरीके से तस्कर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। राजपुर स्थित महान एवं गागर नदी से रेत निकालकर तस्कर बनारस भेज रहे हैं। सूरजपुर स्थित रेड़ नदी से बड़े पैमाने पर रेत की तस्करी की जा रही है।

**रायगढ़ केवल एक वैध रेतघाट , दर्जन भर में अवैध खनन** : रायगढ़। राज्य सरकार की रेत खदान आवंटन पॉलिसी फेल हो चुकी है। विधानसभा चुनाव के पहले से ही जिले में केवल उसरौट ही एकमात्र वैध रेत खदान है। अन्य जगहों से अवैध उत्खनन हो रहा है।रेत की जरूरत को माफिया अपने लाभ के लिए उपयोग कर रहे हैं। विस चुनाव के बाद करीब तीन महीने का समय था जब सरकार को इस मामले में समीक्षा कर नई खदानें आवंटित करनी थी। लेकिन लोकसभा चुनाव का बहाना बनाकर सारे काम रोक दिए गए। रायगढ़ जिले में खनिज विभाग ने अचानक प्रक्रिया तेज कर दी। बताया जा रहा है कि नोटिस मिलते ही दस नई रेत खदानों का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सभी दस रेतघाट रायगढ़ तहसील के हैं।

**जांजगीर में करोड़ों का रेत डंप** : जिले के बलौदा, हथनेवरा, पीथमपुर, शिवरीनारायण, केरा, सिंघुल, नवागढ़ रोगदा आदि क्षेत्रों में शासन प्रशासन के सारे नियमों को धता बताकर मशीनों से रेत का उत्खनन और परिवहन करने का काम निर्बाध गति से चला रहा है, तो वहीं अब बरसात को लेकर रेत डंप करने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### राजनादंगांव जिले में ....

घुघवा साल्हे, मटिया, अर्जुनी, घोरदा, करियाटोला, रातापायली, रुदगांव, बरगांव और दर्री आदि से रेत पार किया जा रहा है। खनिज माफिया रात 10 बजे के रेत निकासी करने एक्टिव हो जाते है और फिर भोर होने तक विभिन्न नदियों से रेत निकासी का खेल चलते रहता है। सूरज निकलने के बाद रेत का परिवहन करते हुए आर्डर वाले ठिकानों पर पहुंचा दिया जाता है। इसके अलावा रेत का अवैध रूप से भंडारण भी किया जा रहा है। घोरदा सहित कई गांवो में रेत का भंडारण करने का खुलासा भी हुआ किन्तु अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से इस पर रत्ती भर भी अंकुश नहीं लगा है।

### बेमेतरा जिले में ....

यही नही बेरला क्षेत्र के कई गांवों में भी रेत का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे नदी का दोहन तो हो रहा है साथ ही सरकार को भारी मात्रा के राजस्व की भी हानि हो रही है ।

### वायरल अटैक से ....

निकली, मैंने महसूस किया, मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही। इस घटना के कुछ हफ्ते बाद थोड़ा साहस जुटाकर, मैं अब अपने सभी मित्रों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं, जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं कार्यक्रमों में शामिल क्यों नहीं हो रही हूं।

### भीड़ के गुस्से का ....

देख जान बचाने के लिए पुल से नीचे कूदे थे या फिर उन्हें मारकर फेंका गया, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। इस बात की पुष्टि सद्दाम के बयान से होती, लेकिन उसकी भी अब मौत हो चुकी है।

**गुत्थी सुलझाने तकनीकी माध्यम ही एक मात्र सहारा** : मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के नेतृत्व में एक 14 सदस्यी एसआईटी का गठन किया गया है। तकनीकी जांच करने एसीसीयू को शामिल किया गया है। एसीसीयू की टीम महासमुंद, बरोंडा से लेकर आरंग टोल प्लाजा तक एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज निकाल चुकी है। इसके साथ घटना स्थल के पास से पुलिस ने दो हजार से ज्यादा टॉवर डंप एकत्रित कर उनमें से सात सौ के करीब नंबरों को संदिग्ध मानते हुए नंबरों की जांच में जुटी है।

**कॉल डंप में मिले नंबर महासमुंद तथा आसपास के** : सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने घटना स्थल के पास मिले जिन टॉवर डंप को संदिग्ध मानकर पुलिस जांच कर रही है, उनमें से ज्यादातर नंबर महासमुंद तथा आरंग के आसपास रहने वाले लोगों के हैं। इनमें कई नंबर ऐसे हैं, जो अलग-अलग गतिविधियों में शामिल रहने वाले लोग हैं।

**सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ** : हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस ने घटना के बाद 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के साथ ही पिछले 11 दिनों में सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन पुलिस को घटना में शामिल लोगों के बारे में अब तक किसी प्रकार से कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

**शोएब की शिकायत पर एफआईआर** : पुलिस ने पूरे मामले को लेकर चांद मियां के भाई शोएब की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 304 तथा 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। शोएब ने पुलिस को बताया है कि उसके भाई ने उसे कॉल कर घटना की जानकारी देते हुए बताया था कि पशु तस्करी के आरोप में भीड़ ने उन लोगों के साथ मारपीट की है, साथ ही उनके हाथ पैर तोड़ दिए हैं।

### जन्मदिन मनाकर लौट ....

ग्रामीणों की मदद से निकाला जा सका। सभी मृतक ओडिशा के ही रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक भीषण सड़क हादसा नुआपाड़ा जिले के खड़ियाल थाना क्षेत्र के लाचीपुर गांव के करीब रविवार देर रात हुई। मृतकों में ओडिशा के गोईमुंडी गांव निवासी रूशी साहू (22), शुभम (22), देवेंद्रसिंह उर्फ बंटी (23) और देवराज पटेल (19) शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को सुशांत साहू के बड़े बेटे का जन्मदिन था, जिसे मनाने के लिए सभी दोस्तों ने खडियाल थाना क्षेत्र स्थित अरेडा में फार्महाउस में सपरिवार बेटे रुशी के दोस्तों के साथ शुधम का जन्मदिन मनाया। जन्मदिन मनाने के बाद रात लगभग 11 बजे रूसी अपने तीन दोस्तों शुभम महावति, देवेन्द्र और देबराज के साथ कार से ग्राम तुक्ला में अपने एक अन्य दोस्त से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान लाचीपुर गांव के करीब तेज रफ्तार कार ने 4 मजदूर जो ट्रैक्टर के करीब थे, टक्कर मार दी।

**गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार** : खड़ियाल पुलिस द्वारा पंचनामा व पीएम के बाद शवों को चारों मृतकों के परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इधर हादसे की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में चारों दोस्तों का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में परिजन व पहचान के लोग शामिल हुए। खड़ियाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता लगा कि तेज रफ्तार कार पहले सड़क से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रक ने दुर्घटनाग्रस्त कार को टक्कर मारी, जिसके बाद वह ट्रैक्टर से टकराई।

### छह साल का ...

करने को कहा। अब तेल मालिश करने से दर्द ठीक हो गया और पहले जैसे चलने लग गई। यह खबर क्षेत्र में बड़ी तेजी से फैली और अब सुबह से शाम तक लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है।

---

बंगाल के राजनैतिक गलियारों में बढ़ी हलचल

# ममता ने की सांसद रॉय से मुलाकात भाजपा हाईकमान में बढ़ी बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सियासी कदम से मंगलवार को दिल्ली में भाजपा हाईकमान के कान खड़े हो गये। बंगाल के राजनैतिक गलियारों में बढ़ी हलचल की धमक दिल्ली में भी सुनाई पड़ी। दरअसल ममता ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय से उनके कूचबिहार स्थित आवास पर मुलाकात की। रॉय ने चकचका पैलेस पर पारंपरिक दुपट्टे और पान पत्ते के साथ स्वागत किया। सियासी



रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही बैठक करीब 35 मिनट तक चली। सूत्रों का कहना है कि हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में बंगाल में बड़ी जीत के साथ एक बार फिर अपना दबदबा साबित करने में सफल रही ममता की यह मुलाकात दूर की कौड़ी है।

**कई नेताओं पर नजर** : तृणमूल कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में राज्य के भीतर भाजपा को सियासी पटकनी देने के बाद उत्साह से भरी ममता बनर्जी अब उन नेताओं को अपनी पार्टी में लाने की इच्छुक है जो राजनैतिक तौर पर मजबूत हैं और फिलहाल भाजपा में हैं। बताया जा रहा है कि बंगाल भाजपा के कई ऐसे नेता हैं जो प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हैं और भाजपा में होते हुए अब ममता दीदी के साथ जाने पर विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी ऐसे नेताओं पर नजर बनाये हुए है।

**बन रहे नए सियासी समीकरण**

रॉय के आवास पर पहुंचने से पहले ममता बनर्जी ने जिला मुख्यालय शहर में मदन मोहन मंदिर में पूजा-अर्चना की। बनर्जी सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल का दौरा करने के बाद सोमवार शाम कूचबिहार पहुंचीं, जहां उन्होंने कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। कूचबिहार लोकसभा सीट पर हालिया आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार निसिथ प्रमाणिक को करीब 40 हजार मतों से हराकर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। चुनाव में भाजपा की हार के बाद कयास लग रहे हैं कि क्या अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय के क्षेत्र में नए सियासी समीकरण बन रहे हैं। जाहिर है ऐसे में भाजपा की बैचेनी बढ़ने की संभावना है। बैठक को लेकर उत्साहित रॉय ने कहा कि देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है।

**घोष ने भी साधा था निशाना**

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार के बाद बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तथा राज्य में पार्टी के बड़े नेताओं में शामिल दिलीप घोष ने भी कुछ मुद्दों को लेकर अपनी पार्टी पर निशाना साधा था। बंगाल भाजपा में कई ऐसे नेता हैं जो विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता सुवेन्द्रु अधिकारी के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखते हैं। ममता चाहती हैं कि ऐसे नेताओं को टटोला जाए जो तृणमूल कांग्रेस में आ सकते हैं।

---

## सेशेल्स पहुंचा नौसेना का युद्धपोत सुनयना, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुनयना सेशेल्स के विक्टोरिया बंदरगाह पहुंच गया है। जहां सेशेल्स के तटरक्षकबल और भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने इसका स्वागत किया। नौसेना ने बताया कि आईएनएस सुनयना 15 जून को सेशेल्स पहुंचा था। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के कर्मियों के बीच आधिकारिक-सामाजिक बातचीत और क्रास डैक यात्राएं होंगी। अपनी इस तैनाती के दौरान आईएनएस सुनयना सेशेल्स तटरक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी करेगा। सुनयना पोत की इस सेशेल्स यात्रा का उद्देश्य भारत के सागर विजन के अनुरूप भारतीय नौसेना और सेशेल्स तटरक्षकबल के बीच सौहार्द और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करना है।

## भुज का स्मृतिवन भूकंप मेमोरियल म्यूजियम विश्व के 7 सबसे सुंदर म्यूजियम की सूची में शामिल



**गांधीनगर।** गुजरात के सिद्धि मुकुट में एक और मोरपंख जुड़ा है। ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में गुजरात की पहचान एवं प्रतिष्ठा फिर एक बार विश्व स्तर पर उजागर हुई हैं। यूनेस्को में हर वर्ष घोषित होने वाले आर्किटेक्चर तथा डिजाइन क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रिक्स वर्सेइल्स अवॉर्ड के अंतर्गत भुज के स्मृतिवन भूकंप मेमोरियल म्यूजियम को विश्व के 7 सबसे सुंदर म्यूजियमों की सूची में स्थान मिला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-दर्शन तथा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात की ग्लोबल छवि निरंतर मजबूत हुई है। भारत के किसी म्यूजियम को इस प्रकार से स्थानीय संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण की अभिव्यक्ति के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई हो, ऐसा पहली बार स्मृतिवन के मामले में हुआ है। यह सम्मान गुजरात को प्राप्त हुआ है। यह प्रत्येक गुजराती को अपार गौरव दिलाने वाली घटना है।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले मनोहर, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केन्द्रीय उर्जा तथा शहरी मामले एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा की राजनीति, आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में राज्यसभा की खाली हुई सीट को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस मुलाकात की टाइमिंग को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चा है क्योंकि सोमवार 17 जून को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं के साथ मनोहर लाल भी मौजूद थे।

---

## पेज एक के शेष

### पुलिस रोजनामचा, डायरी में...

के लिए बड़ी राहत होगी। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे सैकड़ों शब्द हैं, जो पुलिस कार्रवाई में वर्षों से प्रयोग में आते हैं।

**एमपी में अन्य भाषाओं के 69 शब्दों का प्रयोग बंद** : गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की पुलिस ने अब अपनी कार्यप्रणाली में उर्दू के शब्दों का प्रयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। वहां पुलिस की लिखा-पढ़ी और बोलचाल की भाषा में उर्दू, फारसी और अन्य भाषाओं के 69 शब्दों का प्रयोग बंद करके इनकी जगह हिंदी के शब्दों का उपयोग किया जाने लगा है। यह अच्छा उदाहरण है।

**दो साल पहले शिवराज ने की थी पहल** : मध्यप्रदेश में भी कानूनी कार्रवाई से उर्दू और फारसी शब्द हटाए जा चुके हैं। वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि उर्दू-फारसी की जगह पुलिस को हिंदी के सरल शब्दों का उपयोग करना चाहिए। गृह विभाग ने इसके बाद इस पर अमल के आदेश जारी किए थे।

### इन शब्दों का प्रयोग...

इमदाद, खून आलूदा, मुचलका, खैरियत जैसे कई ऐसे उर्दू और फारसी के शब्द हैं। इनके अलावा हस्ब जेल, हमराह, दस्तयाब, आमद, जैसे इन शब्दों को पुलिस प्राथमिकी से लेकर बयान और चालान तक में आज भी उपयोग करती है।

### किसानों के खाते में...

की विशालता, सामर्थ्य एवं व्यापकता तथा भारत में लोकतंत्र के जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत किया। किसान सम्मान सम्मेलन में मंगलवार को जब प्रधानमंत्री पहुंचे तब उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य के उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने उनका स्वागत किया। मोदी को योगी ने कंधे पर हल लिए किसान का एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। तीन किसान रमेश साहनी, उदयभानु सिंह और लालबहादुर राम ने प्रधानमंत्री का किसानों की तरफ से स्वागत किया।

### रील बनाने के चक्कर...

हुआ। सोमवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में लड़की ने रिवर्स गियर में गाड़ी चला रही थी और गलती से उसने एक्सीलेटर दबा दिया। कार खाई में गिर गई और उसकी मौत हो गई। खुतबाबाद पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में सुलिभंजन इलाके में हुई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, युवती कार चलाते हुए वीडियो शूट कर रही थी। जानकारी के अनुसार, श्वेता सुरवासे के दोस्त शिवराज मुले जब वीडियो शूट कर रहे थे, तो उन्होंने गाड़ी चलाने की कोशिश की। दुर्भाग्य से, जब कार रिवर्स गियर में थी, तो उन्होंने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया।

### रणवीर को पीछे छोड़...

ब्रांड मूल्य अब भी 2020 के गए 23.77 करोड़ डॉलर के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। 'जवान' और 'पठान' जैसी फिल्मों की सफलता पर सवार होकर 58 वर्षीय अभिनेता शाहरुख खान 2023 में ब्रांड मूल्य के लिहाज से तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान उनका कुल ब्रांड मूल्य 12.07 करोड़ डॉलर था।

## राशिफल

**मेष** – मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** – शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009
वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in, ईमेल-आईडी registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/460 /स्था.प्रशा./2024 बिलासपुर, दिनांक 14.06.2024

विज्ञापन

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 15.06.2024 से 15.07.2024 (सायं 05.30 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

(1.) प्राध्यापक, संगणक विज्ञान- (अजजा.-01), वाणिज्य-(अना.-01), खाद्य प्रसंस्करण-(पिछड़ा वर्ग-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान-(अजजा.-01) होटल प्रबंधन-(अना.-01)
(2.) सह-प्राध्यापक, संगणक विज्ञान- (पिछड़ा वर्ग-01), वाणिज्य-(अना.-01, अजजा.-01), खाद्य प्रसंस्करण- (अजा-01 अजजा-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान- ( पिछड़ा वर्ग -01) होटल प्रबंधन-(अना.-01, अजजा-01)
(3.) सहायक प्राध्यापक , संगणक विज्ञान- (अजजा-01), वाणिज्य-(अजजा.-01), खाद्य प्रसंस्करण-(अजजा-01),होटल प्रबंधन-(अजा.-01, अजजा-01)। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर देखी जा सकती है।

कुलसचिव



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) सी.आई.एन. U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773EIZX
कार्यालय–कार्यपालन यंत्री, मीटर&रिले परीक्षण संभाग–एक, गुढ़ियारी, रायपुर–492011
वेबसाईट–www.cspc.co.in ईमेल–eemrt1.raipur@cspc.co.in दूरभाष/फैक्स : 0771–2574721

क0 10–61/क्रय/ 224 रायपुर, दिनांक 18.06.2024

//निविदा आमंत्रण सूचना//

* जीप श्रेणी (टाटा सुमो/बोलेरो या सामान दर वाहन) के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु*

कार्यपालन यंत्री(एम0आर0टी0)संभाग–एक, रायपुर के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप (Car & SUV(earlier Jeep) वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (दो वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपर्युक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनाँक 08.07.2024 समय 17:00 बजे तक | दिनांक 09.07.2024 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 09.07.2024 समय 15:30 बजे |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें

कार्यपालन यंत्री(एम0आर0टी0)संभाग–एक
छ.ग.स्टे0पा0ट्रां0कं0लि0.,रायपुर



**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukp@gmail.com Contact No. - 09630414462. 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 01 **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** दिनांक- 18/06/2024

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में विभिन्न इंजीनिरिंग / इलेक्ट्रीक्लस सामग्री क्रय / एवं 35 टन बॉयलर मैन्टनेश कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/- रू. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E- Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा क्रमांक - 155005 (Only OEM & Authorized Dealer ) विभिन्न इंजीनियरिंग सामाग्री | दिनांक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/07/2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 03/07/2024 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 2 | ई-निविदा क्रमांक- 155026 (Non Authorized Suppliers ) विभिन्न इंजीनियरिंग सामाग्री | दिनांक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 04/07/2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 04/07/2024 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 3 | ई-निविदा क्रमांक- 155027 (Non Authorized Suppliers ) विभिन्न इंजीनियरिंग / ईलेक्ट्रीक्ल सामाग्री | दिनांक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 04/07/2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 04/07/2024 समय दोपहर 02:30 बजे से |
| 4 | ई-निविदा क्रमांक- 155030 (Only OEM & Authorized Dealer ) विभिन्न इंजीनियरिंग बेयरिंग सामाग्री | दिनाक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 05/07/2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 05/07/2024 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 5 | ई-निविदा क्रमांक- 155031 (Only OEM & Authorized Dealer /Stockist ) विभिन्न ईलेक्ट्रीक्ल सामाग्री | दिनांक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 05/07/2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 05/07/ 2024 समय दोपहर 02:30 बजे से |
| 6 | ई-निविदा क्रमांक- 155032 (Only Boiler Manufacture (Special Class IBR Licences Contractor with Main. 07 Years Experiences & Travelling Grate Having Experience of Similar Type Work) 35 टन बॉयलर इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 19/06/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/07/2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 03/07/ 2024 समय दोपहर 02:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.com में भी अवलोकन कर सकते है।

महाप्रबंधक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5546



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5545 का हल**



## सूडोकू नवताल- 5557

सरल



**सूडोकू नवताल- 5556 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

{ कला जगत
परदेशी राम वर्मा }

## कला जगत की दलाली का मंचीय दस्तावेज गम्मतिहा



समर्थ और समर्पित लोक कलाकारों को एकत्र कर दीपक चंद्राकर ने लोक जीवन की महत्वपूर्ण विसंगतियों को लोक नाट्य गम्मतिहा में प्रस्तुत किया। गम्मतिहा छत्तीसगढ़ के संघर्षपूर्ण लोकमंचीय इतिहास का प्रमाणिक दस्तावेज है। इस लोक नाट्य में विकास क्रम, व्यापारिक प्रभाव, और युगीन बदलाव को मार्मिक ढंग से रखा गया है। अपने समय के साथ चलकर लोक जीवन की रंगा रंग झांकी प्रस्तुत करने की कोशिश में नाटककार ने छत्तीसगढ़ में औद्योगिकीकरण और जनजीवन में उसके प्रभाव को भी दिखाया गया है। इसके साथ ही कुलेश्वर ताम्रकार, बसंती, शहनाज, अरुणा और लक्ष्मण चंद्राकर अपने मोर्चों पर बड़ी मुस्तैदी से डटे नजर आते हैं। इस लोक नाट्य में गम्मत को जीवन भर ओढ़ते बिछाते रहने वाले मदन निषाद जैसे इस वृद्ध दुर्लभ मगर तेज तर्रार कलाकार की अदाकारी देखते ही बनती है। अन्य कलाकारों में दीपक चंद्राकर और शैलजा क्षीरसागर की लोकमंचीय युगलबंदी काफी प्रभावशाली रही है। संगीत पक्ष में अंचल के अत्यंत प्रतिभा संपन्न वादक गायक कलाकार मिथिलेश साहू का भी सहयोग रहा है।

{ ऐतिहासिक
डा ऋषिराज पांडेय }

## राजगोंडों की प्रथम राजधानी गाटाडीह



जगदेव साय ने वर्तमान सारंगढ़ नगर से दस मील दूर स्थित ग्राम गाटाडीह को अपनी राजधानी बनाया। अपनी योग्यता से बहादुरी का प्रदर्शन कर कल्चुरी नरेश को चंदेल आक्रमण से बचाकर जगदेव साय ने एक गढ़ (चौरासी) प्राप्त किया। इस चौरासी का मुख्यालय कहां बनाया जाए इसका निर्णय जगदेव साय को लेना था। जगदेव साय को गाटाडीह के आसपास का भाग बहुत पसंद आया था, दीवान बनाए जाने पर उसने गाटाडीह को ही मुख्यालय बनाने का निश्चय किया। सारंगढ़ नगर के बहुत कम लोगों को ज्ञात है कि गाटाडीह उनके राजा की पहली राजधानी थी। कुछ बड़े बुजुर्ग अभी भी गाटाडीह का उल्लेख करते हैं। जगदेव साय द्वारा गाटाडीह को राजधानी बनाए जाने की घटना लगभग 1240 ई की मानी जा सकती है, क्योंकि कल्चुरी नरेश नरसिंह देव का शासन इसी तिथि को था। इतिहास के अनुसार दीवान जगदेव साय खतरों से खेलने वाले, तलवार का जौहर दिखाने वाले, भाग्य आजमाने के लिए जूझने वाले योद्धा थे।

### पुस्तक समीक्षा

## महभारत म दुरपती




कृति के नाव: महभारत म दुरपती
लेखक: उर्मिला शुक्ल
प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर
पुस्तक समीक्षा: डा. पुष्पलता मिश्र
मूल्य: पचास रुपिया

नारी के साहस अऊ महानता के आख्यान करत महभारत म दुरपति करुणा अऊ ममता के कथा कहीथे। फेर महभारत के मूल कारण नोहे। मूल कारण बड़े बड़े सूरमा, ज्ञानी मनखे मन के अहम, बदला के आगी अऊ मन के तिसना ए। महभारत युद्ध के बाद नारी अकेला, जुच्छा गोदी अपन भाग ला कोसत अंतस मे महभारत लड़ई देखई देथे -

सुन दुरपति आज तै। सुनै सभा ए भारी।
छाडै हस तै मोला। तोर जिनगी होही भारी।



कला जगत : डा. अर्चना पाठक

जमींदारियों में प्रमुखतः अकलतरा, चांपा जमींदारी में बैरिस्टर छेदी सिंह के अथक प्रयासों से रामलीला का आयोजन किया गया। इस रामलीला में गायन एवं नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता था। इस कार्य के लिए प्रतिष्ठित घरानों के गुणी कलाकारों को आमंत्रित किया जाता था। यहां के कलावंतों द्वारा स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षित भी किया जाता था। कला में प्रवीण कलाकारों का चयन करकलकत्ता के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के पास सीखने हेतु स्वयं बैरिस्टर साहब भेजते थे।

# रियासत काल के जमींदारियों की संगीत परंपरा

छत्तीसगढ़ में रियासतों की भांति यहां की जमींदारियों में भी संगीत की परंपरा विद्यमान रही है। जमींदारियों में प्रमुखतः अकलतरा, चांपा जमींदारी में बैरिस्टर छेदी सिंह के अथक प्रयासों से रामलीला का आयोजन किया गया। इस रामलीला में गायन एवं नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता था। इस कार्य के लिए प्रतिष्ठित घरानों के गुणी कलाकारों को आमंत्रित किया जाता था। यहां के कलावंतों द्वारा स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षित भी किया जाता था। कला में प्रवीण कलाकारों का चयन करकलकत्ता के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के पास सीखने हेतु स्वयं बैरिस्टर साहब भेजते थे। इस प्रकार संगीत परंपरा की शुरूआत हुई जो अद्यतन जारी है। छुरी जमींदारी में राजा महेंद्र पाल सिंह के समय में कलकत्ता के प्रसिद्ध मृदंगाचार्य भृगुनाथ वर्मा जी का आना जाना लगा रहता था। आपके मार्गदर्शन में यहां संगीत शिक्षा का पर्याप्त प्रचार प्रसार हुआ। बिलासपुर के नरियरा, नंदेली, किकिरदा, मुलमुला, ग्राम में संगीत शिक्षा के कई संस्थान थे, एवं बिलासपुर क्षेत्र में कई विद्वान संगीत साधकों में ठाकुर भैरव सिंह, पंडित पचकौड़ प्रसाद शर्मा, सुख सागर सिंह, ठाकुर विश्वेश्वर सिंह, श्रीधर सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, मान सिंह, राम लखन दास, बाबूलाल मिश्र और भान सिंह के नाम प्रमुख हैं जिन्होंने संगीत के प्रचार प्रसार में अपना जीवन समर्पित कर दिया।



# विलुप्त होती प्रथा गौना बारात



परंपरा : डा. राघवेंद्र कुमार 'राज'



## बेटी बिदा के समय सजल नैनों से मां कह उठती

*जावत हस छोड़ के, महतारी के कोरा।*
*रही दुलौरिन नोनी, तौर आए के अगोरा।*
*जा-जा ससुरार मोर दुलौरिन नोनी।*
*करत हन आज तोर पठौनी।*

आज खान-पान, रहन-सहन बदला है। सोच, दिशा और दशा बदली है। इसलिए विवाह के साथ कन्या की विदाई हो जाती है। आज आवश्यकता है, बेटी की बिदाई के पूर्व अपनी बेटियों को सुदिशा प्रदान करने की। हमारी मां बेटियों को इस नवदाम्पत्य जीवन के नाजुक मोड़ में सुदीक्षित करें। जिससे हमारी बेटियों की नव वैवाहिक जीवन खुशहाल बनी रहे। वे पारिवारिक प्रेम के अटूट बंधन में बंध जाए।

*लेकर जाएं पूंजी... मां की नसीहत की,*
*हमारी बेटियां सपन-सलौनी।*
*मानें बेटी मां-बाप की बात सिखौनी।*
*ऐसी हो ,हमारी बेटियों की पठौनी।*

छत्तीसगढ़ अंचल में पहले शादी बाल्यावस्था में हो जाती थी। शिशु के जन्म से पूर्व आपस में बड़े-बुजुर्गों द्वारा रिश्ते तय कर लिए जाते थे। यह रिश्ते सर्वमान्य होते थे। शिशु जन्म के पश्चात निश्चित आयु सीमा के बीच विवाह संपादित कर दिए जाते थे। जब दूल्हा -दुल्हन युवावस्था में पहुंचते तब गौना (पठौनी) प्रारंभ होती। एक बार फिर बारात सजती। वह बारात 'गौना बारात' मानी जाती थी। बाराती तीन-चार दिन रुकते। कन्या पक्ष द्वारा यथाशक्ति स्वागत होता। बेटियों के लिए जोरन झांपियों में आती। बेटी की बिदा पहली गौना में पन्द्रह दिन के लिए होती थी। फिर बेटी वाले लिवाने आते। बेटी तीन-चार महीने मायके की सुख भोगती। फिर दूसरी गौना (पठौनी) कार्तिक या अगहन महीने में की जाती। इसमें दुल्हन को लिवाने के लिए तीन-चार लोग जाते। दूल्हा के साथ जाने वाला 'लेठवा' कहलाता था। दामाद के प्रति अगाध प्रेम लेनहारों को दस से पन्द्रह दिन रोक लेते और रोज पकवानों के साथ पहुनाई (आतिथ्य भोज) होती।

{ लोक साहित्य
डा. सत्यभामा आडिल }

## छत्तीसगढ़ अंचल में प्रभावी लोकगाथा अहिमन रानी



छत्तीसगढ़ अंचल में प्रचलित लोक कथा के अनुसार अहिमन रानी एक बार सरोवर में स्नान करने की इच्छा व्यक्त करती है। रानी की सास मना करती है, पर वह अपनी चौदह सखियों के साथ सरोवर में स्नान करने जाती है। एक व्यापारी से सरोवर में भेंट हो जाती है। वह रानी के घड़ा चुरा लेता है। घड़ा को प्राप्त करने के लिए वह अहिमन रानी को पासा खेलने के लिए आमंत्रित करता है। पासा में रानी के सब गहने वह जीत लेता है। अब रानी सोच में पड़ कर कहती है मैं आभूषण हीन होकर राजा को कैसे मुंह दिखाऊंगी। रानी अपनी सखियों को कहती है मेरा मायका दुर्ग राज में है। इतना सुनते ही वह व्यापारी रानी को नए वस्त्राभूषण और सेना का घोड़ा देता है। रानी राजमहल लौटती है, राजा बीर सिंह को रानी के श्रृंगार को देखकर शंका होने लगती है। राजा की इच्छा से अहिमन रानी अपने मायके के लिए प्रस्थान करती है। राज्य के बाहर होते ही राजा अपनी रानी के बाल पकड़ कर घोड़े की पूंछ से बांध देता है और उसे खींचने लगता है। इससे अहिमन रानी की मृत्यु हो जाती है। रानी का व्यापारी भाई आता है और मृत बहन को देखकर शोकमग्न हो जाता है। इसी समय महादेव और पार्वती की कृपा से अहिमन पुनः जीवित होकर अपने ससुराल जाती है। इस समय राजा अपने महल में विश्राम कर रहे थे। रानी अपनी सास के काम में हाथ बंटाती है। सास अहिमन रानी को पहचान नहीं पाती है। बीर सिंह व्यापारी के पास उसकी बहन ब्याहने का प्रस्ताव रखता है। व्यापारी बीर सिंह से कहता है कि तुम अपनी ही पत्नी को पहचान नहीं रहे हो। राजा घटना को विस्तार से जानने के बाद अहिमन पुनः पति को प्राप्त करती है। इस तरह इस कथा में पति पत्नी के प्रेम, संदेह, हत्या और देवी द्वारा पुनः जीवित करने का वर्णन के साथ ही भारतीय नारी के परंपरागत रूप का चित्रण मिलता है। विशेष रूप से नारी की निष्ठा, कर्तव्य परायणता और क्षमाशीलता यहां दर्शित होता है।

{ गांव की कहानी
अनिल झा }

# अनेक महत्व का साक्षी गांव गातापार

**छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से लांजी बालाघाट मार्ग पर 25 कि मी की दूरी पर ग्राम गातापार स्थित है। मूलतः यह गोंड बहुल गांव है। इस गांव से लगा सम्पूर्ण भू भाग मैकल पर्वत श्रृंखला में फैला हुआ है। मंडला तक फैले इस भू भाग में सागौन, महुआ, तेंदू और बांस वृक्षों से अटा पड़ा है। नदी नाले और घाटियों ने इस अंचल को नयनाभिराम सुरम्यता प्रदान की है।**

राजशाही के जमाने में ग्राम गातापार के आसपास के क्षेत्र आखेट और आराम दोनों के लिए चर्चित रहे हैं। नजदीक के ग्राम लछना शेरों के लिए प्रसिद्ध रहा है, तथा एक अन्य निकट का ग्राम मलईदाह ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल रहा है। ग्राम गातापार में कभी उत्खनन के फलस्वरूप अनगिनत प्रतिमाएं प्राप्त हुई, जिसमें अधिकांश प्रतिमाएं रखरखाव के अभाव में या तो नष्ट हो गई और चोरों द्वारा ले जाई गई। वर्तमान में कुछ प्रतिमाएं एक विशाल नीम के पेड़ के नीच स्थापित कर दी गई हैं। पेड़ के नीचे रखी प्रतिमाएं स्त्री सेनानियों की प्रतीत होती हैं। सभी प्रतिमाएं तलवार , गदा तथा अन्य आयुष एवम जिरह बख्तरों से लैस हैं। एक प्रतिमा घुड़सवार स्त्री सेनानी है जिसके हाथ में गदा है। एक आयताकार प्रस्तर



खंड में तीन से अधिक प्रतिमाएं भिन्न भिन्न भांगिकाओं की हैं। शेष प्रस्तर खंड उदग्र है। रानी का प्रस्तर खंड 35 इंच ऊंचा व लगभग 30 इंच चौड़ा है। शेष की ऊंचाई तीस इंच से कम है। सभी प्रतिमाएं सुघड़ एवम तीव्र कटाव लिए हुए एवम आक्रमण की मुद्रा में हैं। चार प्रतिमाएं सिंदूरी रंग में तथा अन्य मूर्तियां रंगहीन हो गई हैं। इस अंचल में केवल स्त्री सेनानियों का ही मिलना, और पुरुष सेनानियों का कोई साक्ष्य नहीं मिलना, यह शोध का विषय है। अंचल के इतिहासकार डा. सीताराम शर्मा ने इन प्रतिमाओं का कालखंड 15 वीं- 16 वीं सदी तय करते हैं। इस कालखंड में मंडला में गोंड रानी दुर्गावती का शासन रहा है। मुगल सेना के विरुद्ध वास्तविक युद्ध क्षेत्र गढ़ मंडला रहा है। प्रतिमाओं के अवलोकन से यह भी प्रतीत होता है कि रानी की शौर्य गाथा को सुनकर स्थानीय शिल्पकारों ने बाद में इन मूर्तियों का निर्माण किया हो।

# माड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त 8-8 लाख का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नारायणपुर जिले में पांच दिन तक चलाए जा रहे नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान में सुरक्षाबलों ने 64 लाख के इनामी नक्सलियों को मार गिराया। इससे पूर्व मुठभेड़ में मारे गए 6 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी थी। वहीं मंगलवार को मारे गए दो अन्य नक्सलियों की भी शिनाख्त हो गई, इन पर भी 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आ ई जी सुंदरराज पी ने बताया कि माड़ मुठभेड़ में मारे गए दो अन्य नक्सलियों की भी शिनाख्त कर ली गई है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त पीपीसीएम पीएलजीए कम्पनी नम्बर वन के सदस्य महेश (28), निवासी ग्राम डुंगा थाना ओरछा व लख्खे मरकाम (20), निवासी ग्राम टेकावाया जिला बीजापुर के रूप में हुई है। मारे गए दोनों नक्सलियों पर भी 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आईजी ने बताया कि पांच दिन तक चले माड़ बचाओ अभियान नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले माड़ डिविजन के कुतुल एरिया कमेटी इलाके के कोडमरका फरसबेड़ा के जंगलों में चलाया गया था। इस संयुक्त अभियान में नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाडा, कांकेर जिलों के एलिट फोर्सेस डीआरजी एवं एसटीएफ के साथ 53 बटालियिन आईटीबीपी व बीएसएफ 135 बटालियन का बल शामिल था।

- मारे गए सभी नक्सली पीएलजीए कम्पनी नम्बर एक के सदस्य
- मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों पर 64 लाख का था इनाम

## 131 शवों की बरामदगी

वर्ष 2024 में अब तक बस्तर संभाग के अंतर्गत हुए विभिन्न मुठभेड़ के दौरान कुल 131 माओवादियों के शव बरामद की गई है। सर्वाधिक जिला बीजापुर में 51, कांकेर में 34 एवं नारायणपुर जिले में 26 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने इंसास रायफल, 303 रायफल, 315 बोर रायफल के अलावा बीजीएल लांचर समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामान व अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया था।

## ऑनलाइन गेम के नाम पर घर-घर दस्तक दे रहा जुआ

**धमतरी**। जुआ, सट्टा का गेम खेलना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। आज भी जुआरी पुलिस के डर से जंगल तथा सुनसान एरिया में छिपकर जुआ खेलते हैं लेकिन अब जुआ का खेल आनलाइन गेम के नाम पर घर-घर दस्तक दे रहा है। हालत यह है कि आज कई परिवार आनलाइन गेम में पैसे की हार-जीत का खेल खेल रहे हैं। पैसे का लेनदेन बैंक एकाउंट के माध्यम से हो रहा है। लूडो, जंगली रमी गेम खेलने के लिए मोबाइल पर बकायदा विज्ञापन चल रहा है। ऐसे विज्ञापन में प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा, क्रिकेटर हरभजन सिंह जैसे नामदार लोग इसका प्रचार कर रहे हैं। अंबानी ग्रुप के एविटर एप सहित अनेक लिंक के माध्यम से लोग जुए की लत में फंसते जा रहे हैं। एविटर एप में गेम खेलने वाले प्रशांत ने बताया कि इस एप का गेम बहुत इंट्रेस्टिंग हैं। जैसे गेम शुरु होता है, आप एक रूपए से लेकर हजारों रुपए का दांव लगा सकते हैं। इसमें नियम यह है कि गेम शुरु होते ही हर दो से पांच सेकंड के अंदर दो गुना, तीन गुना, पांच गुना ऐसे करते हुए आठ से दस गुना तक जाता है।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133


## दो दिन से लापता युवक की लाश खेत में मिली

**धमतरी**। दो दिन से लापता युवक की लाश खेत में मिली है। युवक की पहचान ग्राम पेंडरवानी निवासी के रूप में की गई है। मामला नगर पंचायत आमदी का है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी स्थित नगर पंचायत भवन से कुछ दूरी पर एक युवक की औंधेमुंह पड़ी लाश देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस शव की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। तलाश में युवक की जेब से मोबाइल बरामद किया। उक्त मोबाइल में लगातान फोन भी आ रहा था। पुलिस ने फोन के माध्यम से युवक की पहचान ग्राम पेंडरवानी थाना गुरुर निवासी अजय साहू पिता छबिलाल उम्र 24 वर्ष के रूप में की। जांच में युवक की मौत चूहामार दवाई के सेवन से होना पाई गई। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

## घर में अधेड़ को जलाया, उपचार के दौरान मौत

**राजनांदगांव**। कन्हारपुरी गांव के घर में सो रहे एक अधेड़ पर आधी रात अज्ञात आरोपियों आग लगा दिया था। जिससे उसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरदाहरा से लगे कन्हारपुरी निवासी अशोक लेंझारे 11 जून की रात अपने घर में सो रहा था। इस दौरान रात लगभग 3-4 बजे अज्ञात आरोपियों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर उस पर आग लगा दिया था, जब चीख पुकार की आवाज आई तब गांव वाले उठे और उसे उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जिसे गंभीर अवस्था में, जहां से रायपुर चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया था। इधर इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई थी।

# हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल


कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल®
भिलाई/रायपुर
स्नेहा मौर्या 537/720



NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग न. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927


राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज
चंदखुरी दुर्ग (छ.ग.)
प्रवेश सूचना 2024-25

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा(आयुष) मंत्रालय द्वारा अनुमति तथा छत्तीसगढ़ सह-चिकित्सा परिषद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल एक वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

| क्र. | पाठ्यक्रम | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आयुर्वेद कम्पाउन्डर | 25 |
| 2. | पंचकर्म तकनीशियन | 25 |

योग्यता : - 10+2 प्रणाली की बायोलाजी विषय के साथ छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण

आवेदन शुल्क तालिका

| | बैंक ड्राफ्ट की राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क के | 1000/- | 16/07/2024 |
| विलम्ब शुल्क के साथ | 1200/- | 20/07/2024 |

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के वेबसाइट www.rlamcollege.org से प्राप्त की जा सकती है।

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

### शिक्षक

**आवश्यकता है-** संचालक /प्राचार्य मूनलाईट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल शंकर नगर चौपाटी के पास आस्था अपार्टमेंट गोरखा कालोनी न्यू शांति नगर रायपुर मो.नं. 7697124232, 9425516402. (RO-4370)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ आदर्श विद्यालय तेंदुआ (हीरापुर) में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान पढ़ने के लिए शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है मोबाइल नंबर- 7999745391 संपर्क समय सुबह 10:00 से 12:00 तक (RO-6273)

**आवश्यकता है-** जागृति उ. मा. विद्यालय भाठागांव, रायपुर के प्राथमिक विभाग में 04, मिडिल विभाग में 06, एवं उच्च व उच्चस्तर विभाग में- फिजिक्स, गणित, केमेस्ट्री, अंग्रेजी एवं अन्य विषयों के अध्यापन हेतु योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है। संपर्क- समय प्रातः 09:00 से दोपहर 1:00 बजे साक्षात्कार- दिनांक 25/ 06/ 24 (RO-1495)

**Requirment-** Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katulbod Durg requires teachers for, Physics, Chemistry,Maths, Biology, Accountancy, Business studies,Economics,So. Science, Science English, Hindi, Sanskrit ,Driver , Peon, contact with Resume before 22 june 9301398270. (Ro-511)

### मजदुर/हमाली

**आवश्यकता है-** दाल मिल में कार्य करने 1 कर्मचारी न्युनतम शिक्षा B.Com या समकक्ष वेतन 12000, से प्रारंभ 5 मजदुर जो हमाली का कार्य कर सके न्युनतम मजदुरी 400 कुली कार्य हेतु 5 मजदुर न्युनतम 360 से 400 तक संतोष कुमार 9826141178, 7725800600. (RO-6288)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं पास एवं ई- रिक्शा चलाने का अनुभव, वेतन योग्यतानुसार सिद्धार्थ इन्फोसॉल्यूशन, जय राम काम्पलेक्स, शारदा चौक, रायपुर। बायोडाटा के साथ संपर्क करें। मोबाइल- 9425204142. (RO-4428)

**आवश्यकता है-** रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें नंद होजयरी डिपो जयहिन्द होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मों.-9300188811.(RO-4427)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर हेतु कुशल, अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनीनगर, रायपुरा निवासी को प्राथमिकता। लाइसेंस, आधार कार्ड सहित संपर्क करें :- 9329100263. (RO-901)

**आवश्यकता है-** रायपुर खमारडीह में घर की कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर खाना बनाने के लिए कुक घरेलू कार्य के लिए महिला की आवश्यकता है आवास उपलब्ध संपर्क -9579931943.(RO-34511)

**आवश्यकता है-** टाटीबंध स्थित FMCG एजेन्सी कार्य हेतु टाटा एस ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन- 10 ,000 /-, भत्ता- 150 /-, बोनस, इन्सेंटिव, PF, ESI की सुविधा संपर्क:- पदमिनी सेल्स कॉरपोरेशन, नियर शिवनाथ हुंडई शो रूम टाटीबंध, रायपुर, 8959215453, 7582091612. (RO-750)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिनको सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैद्य लाइसेंस के साथ संपर्क करें- देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग रायपुर मोबाइल : 8959910211 (RO-1616)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** मेकगमेट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में काम करने हेतु लेथमेन, वेल्डर मोटर बैंडिंग वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। अनुभवी ही बायोडाटा के साथ, संपर्क करें- 7050979227.(RO-08)

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, मंदिर हसौद, रायपुर मो. 7024347173 (RO-2834)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सेल्स इंजीनियर

OSWAL HYDRAULICS & PNEUMATICS
14, Naveen Bazar, G.E. Road, Raipur
REQUIRED
SALES ENGINEER
(Diploma, B.E./B.Tech-Mechanical)
For, Hydraulic Products of Leading Multinational Companies.
All candidates below 30yrs. age.
Interested candidate send their resume to: 9826476900
manish@oswalhydraulics.com

### क्लिनिक कार्य

**आवश्यकता है-** गोदड़ीवाला आश्रम देवपुरी में धर्मार्थ क्लिनिक हेतु पार्ट टाइम एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन । संपर्क करें । 7880134141. (RO-6284)

**आवश्यकता है-** कोरियर में फिल्ड डिलिवरी-पिंकअप बाइकर और टाटाएस के लिए ड्राइवर हेल्पर की आवश्यकता है। श्रीमारूती कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड 1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408. (RO-A)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** बेबी केयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लडकी /महिला एवं पुरुष केयर टेकर की आवश्यकता है, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 12 हजार से 15 हजार संपर्क करें:- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521. (RO-2833)

### महिला वार्डन

**आवश्यकता है-** गर्ल्स हॉस्टल मे कार्य करने हेतु 2 से 3 वर्ष अनुभवी महिला वार्डन की आवश्यकता है संपर्क करे:- आशीर्वाद गर्ल्स हॉस्टल समय- सुबह 11 से 5 बजे तक 9171369000, 9827999244.(RO-2829)

### वर्कर

**आवश्यकता है-** तालपत्री शॉप में कार्य करनें हेतु मेंहनती वर्कर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन संपर्क करें- श्री कृष्णा तालपत्री एण्ड हार्डवेयर, रिंग रोड नम्बर-2, भनपुरी रायपुर (RO-1615)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** वी.आई.पी. चौक लाभांडी रायपुर में घर का झाड़ू, पोछा कपड़ा, वर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/ महिलाएं चाहिए। गुटका तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले ही संपर्क करें-: 9300593000 (RO-1222)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रहकर काम करने वालों को रूम बिजली सुविधा दी जाएगी, पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर सम्पर्क करें- 7471176423.(RO-34499)

### ऑपरेटर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समेन, सेल्सगर्ल, गार्ड, पैकिंग बॉय, हमाल, घर कार्य हेतु पारिवारिक व्यक्ति, टाटा एस कार ड्राइवर। संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, LIC के सामने, पंडरी, रायपुर- 7489770673, 9826183500.(RO-725)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10,000 + कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास /फेल। संपर्क:- 6265100904. (RO-2822)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु रायपुर निवासी सेल्समेन की आवश्यकता है, सम्पर्क: निर्मल सेल्स, नवीन बीज भंडार के सामने, अमरदीप टाकीज रोड, बांसटाल, रायपुर, मो. 9300659227. (RO-7490)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने लड़को व दुर्ग व रायपुर जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन कि आवश्यकता है । सम्पर्क- SAATVIK SALES, मो. नं.- 7566578910 (RO-7491)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.(Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** उतई से पूरई मुख्यमार्ग 6 लेन भारतमाला रोड से 500 मीटर एवं मेनरोड से 100 फीट दूरी पर आवासीय प्लाट 221/- वर्गफीट में उपलब्ध है। संपर्क:- मो.- 9111330001 (Ro -508)

**बेचना है-** (40x50) साइज 2000, स्क्वेयर फीट, का आवासीय डाइवर्टेड कॉर्नर प्लॉट, शिवम एजुकेशन के पास, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा, अर्जेंट बेचना है। 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.(RO-2830)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD (15 जून 2024 से लागू)

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Healthcare
टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र
1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

# सेना ने शुरू किया पहला स्किन बैंक, नई दिल्ली में किया गया उद्घाटन

## देश भर में करेगा सैन्य चिकित्सा केंद्रों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में आर्मी अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) ने मंगलवार को अत्याधुनिक स्किन बैंक सुविधा शुरू करने की घोषणा की, जो सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के भीतर स्थापित की जाने वाली अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सेवा सदस्यों और उनके परिवारों के बीच गंभीर रूप से जलने की चोटों और अन्य त्वचा संबंधी स्थितियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह त्वचा बैंक 'स्किन ग्राफ्ट' के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह यह देश भर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत 'स्किन रिप्लेसमेंट' उपचार सुविधा प्रदान करना है।

पेशेवरों की टीम



इस स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, टिश्यू इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम काम करेगी। यह सुविधा केन्द्र गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करेगा, जिससे स्किन ग्राफ्ट की मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। सेना के चिकित्सा सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी ने स्किन बैंक के शुभारंभ को सैन्यकर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा केन्द्र न केवल देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि गंभीर चोटों से प्रभावित लोगों की सहायता करने की क्षमता को भी मजबूत करेगा।




### क्षमता में एक महत्वपूर्ण छलांग

सेना अस्पताल (आर एंड आर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने कहा, /"यह स्किन बैंक गंभीर जलन और अन्य जटिल त्वचा संबंधी स्थितियों के उपचार की हमारी क्षमता में एक महत्वपूर्ण छलांग है।/" /"त्वचा ऊतक के लिए एक समर्पित संसाधन होने से, हम अपने रोगियों को सबसे प्रभावी और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर सकते हैं, जिससे अंततः उनके ठीक होने और पुनर्वास की संभावना बढ़ जाती है।/" स्किन बैंक सुविधा का उद्घाटन सशस्त्र बलों द्वारा अपने सेवा सदस्यों और उनके परिवारों को उपलब्ध चिकित्सा देखभाल और सहायता को बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभिनव पहल राष्ट्र की सेवा करने वालों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## खबर संक्षेप

### अजय राय ने पीएम मोदी को दी चुनौती



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार संसदीय क्षेत्र पहुंचे। यहां से उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय से था। राय ने अब उन्हें चुनौती दी है। वह वाराणसी सीट छोड़कर एक बार फिर चुनाव लड़ें और जीतकर दिखा दें। अगर जीत गए तो मैं राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा. एक टीवी चैनल से बातचीत में राय ने कहा कि काशी की जनता ने उन्हें वोट तो दिया है लेकिन प्रेम हमें दिया।

### सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की राजनीति में एंट्री



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की राजनीति में एंट्री होने जा रही है। कमलेश ठाकुर हिमाचल की देहरा विधानसभा सीट का आगामी उपचुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को सूची जारी की।

गर्मी ने मचाया हाहाकार! पहाड़ी राज्य भी लू की चपेट में

# देश के नौ राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट हिमाचल से लेकर यूपी तक लू का सितम

*देशभर के कई राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। अभी भी कई राज्यों के लोगों को तपती गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। यहां तक कि इस बार पहाड़ी राज्य भी गर्मी से तप रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी और लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में भी लू का कहर जारी रहेगा।*

## यूपी, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में पड़ रही जमकर गर्मी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह 8.30 बजे 38.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली के आयानगर में सोमवार को सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया था, जो कि 46.4 डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को आईएमडी ने दिल्ली और इससे सटे राज्यों में लू की स्थिति जारी रहने का रेड अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग ने 19 जून को भी दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है।



**इन राज्यों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी और लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में भी लू से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली। देश की राजधानी दिल्ली में आज सुबह 8.30 बजे 38.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली के आयानगर में सोमवार को सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया था, जो कि 46.4 डिग्री सेल्सियस था।

### हिमाचल का गर्मी से बुरा हाल

आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन ने आगे बताया कि देशभर में अत्यधिक गर्मी के बीच हिमाचल प्रदेश जैसा पहाड़ी राज्य भी अछूता नहीं रहा। हिमाचल के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक गर्मी को लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य की कुछ जगहों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य मौसम विभाग के वैज्ञानिक हेमराज वर्मा का कहना है कि हिमाचल प्रदेश के मंडी, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 13 जून को हिमाचल में इल सीजन का सर्वाधिक तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमा सेन का कहना है कि उत्तर भारत और उत्तर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### बिहार में लू लगने से 24 घंटे में 16 लोगों की मौत

बिहार में मॉनसून आने से पहले भीषण गर्मी का दौर जारी है। सूबे में वातावरण का पारा चढ़ा हुआ है। गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सोमवार को भी लू से सूबे के विभिन्न जिलों में 14 लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद और जहानाबाद में सबसे ज्यादा 5-5 लोगों की जान गई। वहीं, आरा, बक्सर, कैमूर और नालंदा में एक-एक की मौत हीटवेव से गई। देश में बिहार को मिलाकर पिछले 24 घंटे में 26 लोगों की जान गई है।

*मणिपुर में बेकाबू भीड़ का तांडव*

# सीआरपीएफ जवानों को उतारा, उसके बाद बस में लगा दी आग



एजेंसी ▶▶| कांगपोकपी

सोमवार रात मणिपुर के पहाड़ी जिले कांगपोकपी में केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को भीड़ ने बस से उतारकर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पहले सीआरपीएफ जवानों को बस से उतरने के लिए कहा और इसके बाद उन्होंने उसमें आग लगा दी।

पुलिस ने बताया कि एक दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी के पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना रात 9 बजे की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी बहुल जिले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को ले जा रही बस किराए पर थी और यह घाटी के प्रमुख मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर थी।

### बदला लेने लगाई आग

रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ ने यह कदम कथित बदला लेने के लिए उठाया। दरअसल पिछले सप्ताह मैतेई बहुल बिष्णुपुर जिले में दो ट्रकों को जला दिया गया था। बिष्णुपुर जिले में जिन ट्रकों को आग के हवाले किया गया था उनमें चुराचांदपुर नामक दूसरे पहाड़ी जिले में पुल बनाने के लिए निर्माण सामग्री ले जाई जा रहे थी। अब बताया जा रहा है कि इस घटना के जवाब में कथित तौर पर कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भीड़ ने सीआरपीएफ के जवानों की बस को आग के हवाले कर दिया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

आदेश क्रमांक 2953/व.ले.लि./2024-25 दुर्ग दिनांक 13/06/2024

सिस्टम निविदा क्र. 149960/NIT No.: 44/SAC/2023-24, Durg, Dated : 15/12/2023 खुड़मुड़ा पार्ट-2 बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 149961/NIT No.: 45/SAC/2023-24, Durg, Dated : 15/12/2023 घुघवा बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

जी. नम्बर-06521

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)

G-242500358/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**
eegar-phe-cg@nic.in

**निविदा निरस्तीकरण**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एजेंसी / ठेकेदारों से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के निर्णय अनुसार अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। शीघ्र ही पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जावेगी।
**सिस्टम क्रमांक / जी क्र. / दिनॉकः-** 153301, 153302, 153303, 153304 (G-08093/5/ दिनांक 28.02.2024) 138861, 138864 (G-02600/1 दिनांक 24.06.2023) 129826 (G-00846-5/ दिनांक 03.05.2023)

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद (छ. ग.)

G- 242500374/2

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
NIT NO: 06 / MD-WTP-RO-EEC-I / CE / NRANVP / 2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 12.06.2024
Name of Work: "Comprehensive Annual Maintenance Contract of Water Treatment Plant, RO Plants (Including Domestic RO) & Water Body Filtration System in Mantralaya Mahanadi Bhawan & HOD Indrawati Bhawan, at Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar (Chhattisgarh)" (4th Call)
Estimated cost : INR 38.52 Lakhs, EMD: INR 77,000.00
Period of Completion : 12 Months
Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 27.06.2024
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP

S-40447/3

### सीडीएस ने जारी किया साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा संयुक्त 'डॉक्टरीन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को राजधानी में हुई तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों की समिति (चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी) की बैठक में साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा हुआ संयुक्त 'डॉक्टरीन' (सिद्धांत) जारी किया। मौजूदा जटिल सैन्य कार्रवाई के माहौल में यह डॉक्टरीन कमांडरों को साइबरस्पेस अभियानों का संचालन करने के लिए मार्गदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संयुक्तता और एकीकरण को लेकर भी इसका विकास काफी महत्वपूर्ण है। साथ ही यह भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा तत्काल पूर्ण सजगता के साथ उठाया गया एक अहम कदम है।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार, एनटीए को जारी किया नोटिस

## अगर किसी की ओर से 0.001% लापरवाही है तो उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी 2024 में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र पर कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया है। देश की सर्वोच्च अदालत की बेंच ने कहा कि किसी भी ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही होने पर पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। नीट रिजल्ट 2024 गड़बड़ी मामले पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को होनी है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने एनटीए को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001% लापरवाही है तो उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हम उन बच्चों के प्रयासों को नहीं भूल सकते जिन्होंने परीक्षा की तैयारी की है।

### याचिकाओं को प्रतिकूल मुकदमे के रूप में न लें

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि बस कल्पना कीजिए कि एक डॉक्टर ऐसे बच्चे का इलाज कर रहा है जो इस तरह से पास हो गया है और उसकी जांच की जरूरत है। कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से यह भी कहा कि वे नीट यूजी के खिलाफ दायर याचिकाओं को प्रतिकूल मुकदमे के रूप में न लें। शीर्ष अदालत ने दोनों संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि अगर परीक्षा आयोजित करने में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और सुधारें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**आईसीएफ / एलएचबी कोचों से सम्बंधित ओवरहॉलिंग के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक,एमआईबी-डब्ल्यूएस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना संख्या:** एमआईबीडब्ल्यू-2024-19-06-09-08 दिनांक: 12.06.2024
**कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के मोतीबाग वर्कशॉप में 02 (दो) वर्षों के लिए कार्य के दायरे के अनुसार आईसीएफ / एलएचबी कोचों के लिए ड्रॉ गियर और बफिंग घटकों की ओवरहालिंग / रीकंडीशनिंग की गतिविधियाँ।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,60,78,101/- (रु. एक करोड़ साठ लाख अठहत्तर हजार एक सौ एक मात्र), **बयाना राशि:** ₹ 2,30,400/- (रु. दो लाख तीस हजार चार सौ मात्र),
**अनुबंध की अवधि:** 24 (चौबीस) महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा प्रस्तुत करना:** बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक 04.07.2024 के 11:00 बजे तक या उससे पहले जमा कर सकेंगे।
इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता
मोतीबाग कार्यशाला,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,नागपुर
AIM/11-38

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री कश्मीर से देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

श्रीनगर के डल झील के किनारे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व को जम्मू कश्मीर में शांति बहाली का प्रतीकात्कम मैसेज दे रहे होंगे तो वहीं सूबे में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रोडमैप भी तैयार कर रहे होंगे। लोकसभा चुनाव में जीत और फिर सरकार का कामकाज संभालने के बाद जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री गुरुवार को पहली बार पहुंचेंगे। अमरनाथ यात्रियों के लिए किए गए चाकचौबंद व्यवस्था का खुद जायजा लेंगे।

**पूर्व तट रेलवे**
सूचना सं.eT-West-WAT-12-2024,
दिनांक : 11.06.2024

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के KK-II लाइन में मण्डल अभियन्ता/वेस्ट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन IRPWM प्रावधान के अनुसार मानसून, सर्दी एवं गर्मी के मौसम के दौरान ट्रैक में रेल फ्रैक्चर/वेल्ड विफलता, वाश आउट, भूस्खलन, तोड़-फोड़ इत्यादि का निरीक्षण जैसी पहरा ड्यूटी के लिए पैट्रोलमेन की आउटसोर्सिंग।
**विज्ञापित मूल्य (रुपये में):** 1,88,25,738.12, EMD (रुपये में): 2,44,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 04.07.2024 को 1500 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10(दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग),
वाल्टियर
PR-218/P/24-25

**कार्यालय अधिष्ठाता, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001**
FAX (0) -07752-224200, PHONE (O) - 07752-230030,
Website: www.cimsbilaspur.ac.in email-deancims@gmail.com

क्र. 7676 स्था/प्रशा/सिम्स / 2024 — बिलासपुर, दिनांक 14/06/2024

**Walk-In-Interview**

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के अंतर्गत सुपरस्पेशिलिटी चिकित्सालय, कोनी, बिलासपुर छ०ग० हेतु रिक्त शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय पदों की भर्ती संविदा माध्यम से किये जाने हेतु अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर में माह जून में दिनांक 20.06.2024 एवं 27.06.2024 को Walk-In-Interview आयोजित किया जाएगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| Professor | Associate Professor | Asst. Professor | Senior Resident | Medical Officer | Resident |
|---|---|---|---|---|---|
| Cardiology-1 (UR) Cardiothoracic Vascular Surgery - 1 (UR) Neurosurgery - 1 (UR-1) Urology - 1 (UR) Neurology-1 (UR) Nephrology -1 (UR) | Cardiology-1 (UR) Cardiothoracic Vascular Surgery - 2 (UR-1, ST-1) Neurosurgery 2 (UR-1, ST-1) Urology - 2 (UR-1, ST-1) Neurology - 2 (UR- 1, ST-1) Nephrology - 2 (UR-1, ST-1) | Cardiology-2 (UR- 1, ST-1) Cardiothoracic Vascular Surgery - 1 (ST-1) Neurosurgery 1 (ST-1) Urology-1 (ST-1) Neurology - 1 (ST- 1) Nephrology - 2 (UR-1, ST-1) Aneasthesia - 6 (UR -1, ST-3, SC - 1, OBC-1) | Cardiology-5 (UR-2, ST-2, OBC - 1) Cardiothoracic Vascular Surgery - 5 (UR-2, ST-2, OBC - 1) Neurosurgery - 5 (UR- 2, ST-2, OBC - 1) Urology - 4 (UR-1, ST-2, OBC - 1) Neurology 5 (UR-2, ST-2, OBC - 1) Nephrology 5 (UR-2, ST-2, OBC - 1) Aneasthesia - 10 (UR - 4(1F), ST-3, SC - 1, OBC-2) | 8 (UR-3, ST-3, SC-1, OBC-1) | Pathology - 5 Biochemistry -3 Microbiology - 4 Radiology - 3 Blood Bank - 4 {(UR-5, ST-9 (2F), SC-3 (1F), OBC-2) |
| Salary Rs. 3,00,000/- (90,000+2,10,000) | Salary Rs. 2,50,000/- (80,000+1,70,000) | Salary Rs. 1,50,000/- (50,000+1,00,000) | Salary Rs. 1,25,000/- (40,000+85,000) | Salary Rs. 60,000/- (30,000+30,000) | Salary Rs. 60,000/- (30,000+30,000) |

विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in पर उपलब्ध है। पदों के संवर्ग, रिक्तता एवं अर्हता के संबंध में जानकारी अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर के दूरभाष से प्राप्त की जा सकती है।

अधिवक्ता
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान,
बिलासपुर (छ.ग.)

G-242500365/2

**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर छत्तीसगढ़.,**
**फोन नं. 0771-2512580, 81**
**Web:- www.cg.nic.in/samvad, email: cgsamvad@gmail.com**

क्रमांक/349/छ.ग.सं./प्रका./2024 — नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 18.06.2024

**वर्ष 2024-2026 तक के लिए Environment Friendly and Non PVC Material मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा Environment Friendly and Non PVC Materials मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 1,180/-(जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 4:00 बजे सायं से |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर (छ.ग )

S- 40468/1

## खबर संक्षेप



### ईबाइकगो 2026 तक एक लाख ई- दोपहिया बनाएगी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन किराए की सेवा प्रदान करने वाली ईबाइकगो वित्त वर्ष 2025-26 तक अपने ई-टू-व्हीलर बेड़े को एक लाख इकाई तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'ईबाइकगो अगले वित्त वर्ष के अंत तक अपने दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बेड़े को 1,00,000 से अधिक तक बढ़ाने की योजना के साथ पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है।'

### धनलक्ष्मी बैंक ने अजित केके को बनाया एमडी




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने अजित कुमार केके को बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। केरल स्थित धनलक्ष्मी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वह 20 जून को कार्यभार संभालेंगे।बैंक के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में अजित कुमार केके को 20 जून, 2024 से तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी।

### हुडको ने विदेशी ऋणदाताओं से 20 करोड़ डॉलर जुटाए




**मुंबई।** आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) ने ऋण बाजार में कदम रखते हुए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (30 अरब जापानी येन) जुटाए हैं। इसकी व्यवस्था करने वाली जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था ने अपने पहले 'सामाजिक ऋण' के हिस्से के रूप में पांच साल के लिए यह धनराशि जुटाई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, एसएमबीसी की सिंगापुर शाखा के नेतृत्व में हुए इस सौदे को कुल नौ ऋणदाताओं से अधिक अभिदान मिला।

### सेबी ने कार्यकारी निदेशक के लिए आवेदन मांगा



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए।

# रिजर्व बैंक के नीतिगत रुख में बदलाव करना जल्दबाजी होगा : दास

## आरबीआई गवर्नर ने लीडरशिप डायलॉग्स को किया संबोधित

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना ''बहुत जल्दबाजी'' होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर 'दुस्साहस' के दृष्टिकोण से बचना होगा। ईटी नाउ के लीडरशिप डायलॉग्स को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति के बारे में, उन्होंने कहा कि भले ही मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन खाद्य महंगाई दर अब भी ऊंची बनी हुई है और इसके आसपास भी अनिश्चितताएं हैं।

### केंद्रीय बैंक सोना बढ़ाना जारी रखेगा

वैश्विक बांड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा। अपने भंडार विविधीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में, यह सोना बढ़ाना जारी रखेगा।




### कैड 1.2 फीसदी पर रहेगा

वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा।

### कैड की घोषणा अगले सप्ताह

दास ने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा।

### मुद्रास्फीति धीमी गति से कम हो रही

दास ने कहा कि नीति के रुख को बदलना अभी जल्दबाजी होगा और किसी भी तरह के जोखिम भरे कदम से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मोर्चे पर लगातार सतर्क है। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन काफी धीमी गति से। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को भरोसा है कि मुद्रास्फीति की गिरावट की यात्रा धीमी गति से ही सही, जारी रहेगी।

## एजेंसी ने सात फीसदी रहने का अनुमान लगाया था

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर किया 7.2 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा।

- रेटिंग्स एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार का हवाला दिया

**खास बातें**

- इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आएगी
- एजेंसी ने कहा, निवेश में वृद्धि जारी रहेगी




### मूडीज ने वृद्धि दर 6.6 फीसदी रखी

मूडीज रेटिंग्स और डेलॉयट इंडिया का अनुमान है कि 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। गत वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ी थी।

### उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा

रिपोर्ट में कहा गया, 'हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी।' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा।

### फिच का अनुमान आरबीआई के अनुरूप

फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति में नरमी से चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

### मानसून के सामान्य रहने के संकेत

फिच ने कहा कि क्रय प्रबंधकों के सर्वेक्षण के आंकड़े चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में निरंतर वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। मानसून के सामान्य रहने के संकेत वृद्धि को बढ़ावा देंगे और मुद्रास्फीति को कम अस्थिर बनाएंगे। हालांकि, हाल ही में भीषण गर्मी ने जोखिम उत्पन्न किया है।

### मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित हो जाएगा

एजेंसी ने कहा कि आधिकारिक पूर्वानुमानों के अनुसार जून-सितंबर में वर्षा औसत से अधिक रहने की संभावना है। इससे मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित हो जाएगा। फिच ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि कैलेंडर वर्ष के अंत तक कुल मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत रह जाएगी। यह 2025 तथा 2026 में औसतन 4.3 प्रतिशत रहेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई है।'

# नेस्ले की मैगी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स व सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, उच्च दोहरे अंक की वृद्धि के साथ भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। नेस्ले इंडिया की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 'व्यापकता, प्रीमियमीकरण और नवाचार, अनुशासित संसाधन आवंटन के साथ मिलकर कारोबार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।'

- नेस्ले के ताजा वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी


नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से अधिक सर्विंग्स बेचीं, जिससे 'भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया।' नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है और उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी व नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं। नए उत्पादों को पेश करने, वितरण नेटवर्क के विस्तार और अभिनव ब्रांड से वृद्धि को बढ़ावा मिला।



### कंपनी 7500 करोड़ रुपए निवेश के लिए तैयार

कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा, ' इसे और मजबूत करते हुए आपकी कंपनी 2020 और 2025 के बीच नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा क्षमताओं का विस्तार करने के लिए करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है, जिसमें निरंतर वृद्धि और नवोन्मेषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।'

# इंफोसिस की कंपनियों के लिए एआई आधारित विपणन सेवा




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने मंगलवार को कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित विपणन सेवाओं का समूह 'इन्फोसिस एस्टर' पेश करने की घोषणा की जिससे कारोबार वृद्धि के लिए ब्रांड अनुभव, दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- कंपनी ने इंफोसिस एस्टर पेश करने की घोषणा की

इन्फोसिस ने बयान में कहा कि 400 से अधिक विपणन परिसंपत्तियों, 50 से अधिक भागीदारों और 20 से अधिक डिजाइन स्टूडियो के साथ 'एस्टर' वैश्विक स्तर पर कंपनियों के बीच (बी2बी) और कंपनियों से ग्राहकों के बीच (बी2सी) विपणकों के लिए अनुभव, दक्षता और प्रभावशीलता को गति दे रहा है। कंपनी ने कहा, ''रचनात्मक सेवाओं, अनुभव डिजाइन, डिजिटल वाणिज्य, प्रदर्शन विपणन और विपणन संचालन के साथ इन्फोसिस एस्टर बी2बी और बी2सी ब्रांड के लिए विपणन मूल्य श्रृंखला में तेजी लेकर आता है।

### ग्राहक वृद्धि की नई राह पर जाना चाहते हैं

इन्फोसिस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और सह-प्रमुख (आपूर्ति) सतीश एच सी ने कहा, ''हमारे ग्राहक वृद्धि की नई राह पर जाना चाहते हैं और वे ग्राहकों के साथ लगभग वास्तविक समय में घनिष्ठता भी बढ़ाना चाहते हैं। उन्हें बखूबी पता है कि डेटा और एआई की मदद से आधुनिक विपणन तरीका रणनीति को गति देने और क्रियान्वयन में किस तरह की भूमिका निभा सकता है।''

# सोने में 50 रुपए की गिरावट चांदी 400 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 50 रुपये टूटकर 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये के उछाल के साथ 91,300 रुपये प्रति किग्रा हो गयी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर सोमवार को जिंस बाजार आंशिक रूप से बंद रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर कम है। परमार ने कहा कि मंगलवार को सभी बाजारों में जोखिम भरे रवैये के कारण सोने में गिरावट आई।



# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी रही

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की तरफ से भारतीय बाजार में नए सिरे से निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। इसका असर यह हुआ कि एक दायरे में कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 92.30 अंक बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 113.45 अंक चढ़कर 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजारों ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाया। चुनावी नतीजों के बाद हासिल बढ़त को बाजार धीरे-धीरे बढ़ा रहा है।

- बैंक और इंफोसिस के शेयरों में रही खरीदारी




**इन शेयरों में रही घट-बढ़**

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़ा अग्रिम कर राजस्व में हुई वृद्धि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।




### 53322 करोड़ का रिफंड जारी किया गया

वित्त वर्ष 2024-25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है। यह पिछले साल इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 34 प्रतिशत अधिक है। इस साल एक अप्रैल से 17 जून के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) सालाना आधार पर 22.19 प्रतिशत बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा।

हर साल लगभग 10 फीसदी की दर से बढ़ रहा मकान का किराया

# घरों का किराया तोड़ रहा लोगों की कमर, पांच साल में 60% उछला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के बड़े शहरों में किराया जबरदस्त तेजी से बढ़ रहा है। हर साल लगभग 10 फीसदी की दर से बढ़ने वाला मकानों का किराया पिछले 5 साल में 64 फीसदी बढ़ चुका है। इसके चलते देश के मेट्रो सिटीज में रहने वालों की कमर टूट रही है। देश के 7 प्रमुख मेट्रो शहरों में लगभग 1000 स्क्वायर मीटर वाले घर का किराया तेजी से बढ़ा है। हालांकि, वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में नए मकानों की सप्लाई बढ़ने के चलते किराए में आ रही तेजी थोड़ी सुस्त पड़ी है।

- देश के मेट्रो सिटीज में रहने वालों की कमर टूट रही



**नए घरों की सप्लाई बढ़ने से किराए में उछाल थमाः** एनरॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा कि हर साल दूसरी तिमाही में किराया बढ़ता है। हालांकि, इस बार नए घरों की सप्लाई बढ़ने से किराए में ज्यादा उछाल नहीं आया है। देश के 7 बड़े शहरों में साल 2024 में 531,470 नए मकानों की डिलीवरी हुई है। यह साल 2023 के 435,045 मकानों के मुकाबले 22 फीसदी ज्यादा है।

### मुंबई में 41 फीसदी का उछाल

मुंबई के चेंबूर में जहां साल 2019 में 45000 रुपए में घर मिल जाता था, वहां अब किराया 63500 रुपए हो चुका है। यहां इन 5 साल में किराए में लगभग 41.1 फीसदी का उछाल आया है। मुलुंड में किराया 28.7 फीसदी बढ़कर 49,700 रुपए हो चुका है।

### वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में दिखी थोड़ी राहत

रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी सिटी बेंगलुरु के सरजापुर रोड में 2019 में किराया 21000 रुपए था। अब वहां अगर किराए पर घर तलाशा जाए तो आपको लगभग 35000 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। हालांकि, तेजी से बढ़ते इस किराए में वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही से थोड़ी राहत दिखने लगी है। नोएडा सेक्टर 150 में औसत किराया 4 फीसदी ही बढ़ा है।

### अमेजन फ्रेश ने 130 से अधिक शहरों तक बनाई अपनी पहुंच

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने अपनी सब्जियों तथा फलों की सेवा 'अमेजन फ्रेश' का विस्तार अंबाला, औरंगाबाद, होशियारपुर, धारवाड़, ऊना, सूरी जैसे 130 से अधिक शहरों में किया है। इस सेवा में फल, सब्जियां, ठंडे उत्पाद, सौंदर्य, शिशु, व्यक्तिगत देखभाल का सामान और पालतू पशु उत्पाद आदि की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह सेवा ग्राहकों को 'अमेजन डॉट इन' पर अपने समर्पित ऐप-इन-ऐप के जरिये सुगम खरीदारी का अनुभव देगी। इसमें दोबारा खरीदने और 'रिमाइंडर' का विकल्प भी है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चेकआउट के दौरान ग्राहक अक्सर खरीदी गई वस्तुओं को न भूलें। अमेजन फ्रेश इंडिया के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने कहा कि अमेजन फ्रेश भारत में किराना खरीदारी को नया रूप दे रही है।

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में कोरोनरी एन्जियोप्लास्टी वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में विगत 9 और 10 जून 2024 को दो दिवसीय 'काम्प्लेक्स कोरोनरी एंजियोप्लास्टी' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें हार्ट की अत्याधुनिक प्रचलित टेक्नोलॉजी जैसे, रोटाब्लेशन, कटिंग बैलून, इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड, इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी द्वारा कोरोनरी आर्ट्री डिसीज (टी.वी.डी./डी.वी.डी.), क्रोनिक टोटल ऑक्लूजन (100 ब्लाकेज) किडनी की क्रॉनिक बीमारियां, शुगर आदि से जूझ रहे आठ मरीजों की 'काम्प्लेक्स कोरोनरी एंजियोप्लास्टी' की गई।

इस वर्कशॉप में चेन्नई के वरिष्ठ इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आनंद गजराज, श्री नारायणा हॉस्पिटल के इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज

**हॉर्ट के 8 मरीजों को मिली एक नई जिंदगी**



डॉ. निशांत त्रिवेदी और उनकी कार्डियक टीम ने हॉर्ट के आठ जटिल मरीजों को एक नई जिंदगी दी। इन मरीजों के सभी कॉम्प्लिकेशंस जैसे चेस्ट पेन, सांस फूलना और चक्कर आना आदि सभी तकलीफें लगभग समाप्त हो गईं और दो दिनों के हास्पिटल स्टे के पश्चात उन सभी को पूर्णतया स्वस्थ अवस्था में हास्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

# आज से शुरू होंगे सुपर-8 के इम्तिहान, ट्रॉफी के लिए महाजंग का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 में ग्रुप दौर के सभी मैच वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच के बाद समाप्त हो गए। इस बीच सुपर-8 चरण की तस्वीर साफ हो गई है। मेजबान अमेरिका क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच 19 जून को होने वाले मैच के साथ सुपर-8 की शुरुआत हो जाएगी। भारत की पहली टक्कर 20 जून को अफगानिस्तान से होगी। इस बार विश्व कप विजेता टीम को 24.5 लाख डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपये) मिलने वाले हैं।

### ग्रुप-1 में मौजूद है भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने ग्रुप दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब सुपर-8 के ग्रुप-1 में भारतीय टीम के साथ गत विजेता ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम जैसी प्रबल दावेदार शामिल है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश अन्य टीमें हैं।

## अच्छे फार्म में चल रही अमरीकी टीम की आज द.अफ्रीका से होगी भिड़ंत

टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 मैच में अमेरिका क्रिकेट टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम से 19 जून को होगा। मेजबान अमेरिका ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को हराकर उलटफेर किया है। ऐसे में प्रोटियाज टीम पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहेगी। ये दोनों टीमें पहली बार किसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आमने-सामने होने वाली हैं। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच आज एंटिगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



### ऐसी हो सकती है अमेरिकी टीम

अमेरिका के सलामी बल्लेबाज शायन जहांगीर अब तक कोई अच्छी पारी नहीं खेल पाए हैं। उनके ऊपर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर के प्रदर्शन पर नजरें रहने वाली हैं। वह नई गेंद से अपनी टीम के लिए विकेट लेना चाहेंगे।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अमेरिका के आक्रामक बल्लेबाज जोन्स ने 3 पारियों में 141.00 की औसत और 160.22 की स्ट्राइक रेट से 141 रन बनाए हैं। नोर्खिया इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 4 मैचों में 7.77 की औसत और 4.37 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर ने 3 मैचों में 5.20 की इकॉनमी रेट के साथ 4 विकेट अपने नाम किए हैं।

### संभावित टीमें

अमेरिका : स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, एंड्रीस गौस (विकेटकीपर), आरोन जोन्स (कप्तान), नितीश कुमार, कोरी एंडरसन, हरमीत सिंह, शैडली वैन शल्कविक, जसदीप सिंह, सौरभ नेत्रवलकर और अली खान।

दक्षिण अफ्रीका : क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्करम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को येंसन, कगिसो रबाडा, एनरिक नोर्खिया, ओटनील बार्टमैन और तबरेज शम्सी।

### ग्रुप-2 में मेजबान अमेरिका

ग्रुप-2 में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका मौजूद हैं। दिलचस्प रूप से पहली बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिका ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई है।

### दोनों ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें करेंगी सेमीफाइनल में प्रवेश

सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 जून को पहला सेमीफाइनल त्रिनिडाड के ब्रायन लारा स्टेडियम में होगा। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी 27 जून को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। आखिर में खिताबी मुकाबला 29 जून को केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और जाबूर

**बर्लिन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलना चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी।

### अर्जुन ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल जीता, रेटिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आर्मेनिया के जर्मुक में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल 2024 का खिताब जीता जबकि अभी एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। एरिगैसी ने आठवें दौर में रूस के ग्रैंड मास्टर वोलोदार मुर्जिन को 63 चाल में हराया। इससे उनके चार जीत और इतने ही ड्रॉ के बाद छह अंक हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस जीत से अर्जुन लाइव रेटिंग में अपने करियर के सर्वोच्च चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस टूर्नामेंट से वह अभी तक नौ अंक हासिल कर चुके हैं जिससे उनके कुल 2779.9 अंक हो गए हैं।

### ईस्ट बंगाल ने डेविड से 3 साल का किया करार

**कोलकाता।** सुपर कप फुटबॉल चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने उभरते हुए भारतीय फारवर्ड डेविड लालहलानसांगा के साथ तीन साल के अनुबंध की घोषणा की। भारत के सबसे प्रतिभावान युवा स्ट्राइकरों में से एक डेविड पिछले साल कलकत्ता फुटबॉल लीग और डूरंड कप में शीर्ष स्कोरर थे।

## टी-20 विश्व कप : ग्रुप मैच के अंतिम मुकाबले में 104 रन से दी शिकस्त

# पूरन की धमाकेदार पारी से वेस्टइंडीज की अफगानिस्तान पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन ,अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।



### वेस्टइंडीज ने दर्ज की जोरदार जीत

ब्रेंडन किंग (7) के जल्दी आउट होने के बाद जॉनसन चार्ल्स (43) और निकोलस पूरन (98) ने उम्दा पारी खेली। इनके अलावा शाई होप (25) और रोवमैन पॉवेल (26) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) और नईब (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। खराब शुरुआत के बाद भी अफगान टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। इस बीच इब्राहीम जादरान ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज से ओबेद मैककॉय ने 3 विकेट लिए।

### पूरन ने पूरे किए अपने 2,000 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे

पूरन ने 53 गेंदों पर 6 चौकों और 8 छक्कों की मदद 98 रन की पारी खेली। वह पारी के आखिरी ओवर में रन आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 2,000 टी-20 रन पूरे किए। उन्होंने 98 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,012 रन बना लिए हैं। इस बीच उन्होंने 12 अर्धशतक लगाए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 98* रन अब उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

### पूरन ने टी-20 क्रिकेट में पूरे किए अपने 500 छक्के

पूरन अब क्रिस गेल (124) को भी पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज बन गए। उनके नाम अब 128 छक्के हैं। पूरन अब 500 टी-20 छक्के (502) पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज भी बन गए। वह गेल (1,056), कीरोन पोलार्ड (860), आंद्रे रसेल (686), कॉलिन मुनरो (548) और रोहित शर्मा (514) की सूची में शामिल हुए। पूरन ने टी-20 विश्व कप की एक पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के (8) लगाए।

### वेस्टइंडीज ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

पूरन और चार्ल्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 92/1 का स्कोर बना लिया था। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। इससे पहले ये रिकॉर्ड आयरलैंड (91/1 बनाम नीदरलैंड, 2014) के नाम पर दर्ज था। कुल मिलाकर यह टी-20 इतिहास का चौथा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इसके अलावा यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर भी है।

## यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया एमबापे की नाक में लगी चोट



एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

### चोटिल होने के बावजूद दिलाई जीत

चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी। ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया।

### फ्रांस को खिताब का इंतजार

फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

## महिला क्रिकेट

# द. अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने आज उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा। पहला मैच में बल्लेबाजी में दिखीं खामियां इस तरह से भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत



जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

## विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत की जीत के साथ

**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।



**दूसरे दौर में अन्ना से मुकाबला :** वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिनसकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

# तोंडाइमन, राजेश्वरी ओलंपिक के लिए पांच सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे।

तोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे



जबकि रायजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में उन पांच कोटा स्थानों को पूरा करेंगी जो शॉटगन टीम ने क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान हासिल किए थे। महेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे। यह स्पर्धा पेरिस खेलों में पहली बार हो रही है। भारत के पांचों शॉटगन निशानेबाज अपने पहले ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

एतद् बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाले प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस जारी की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित कर्जदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले कर्जदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित कर्जदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाले प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बोरियाकला शाखा बोरियाकला रायपुर 9752099530 | मेसर्स विश्वनाथ इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर श्री शुभम रामबाबू चौधरी, पता: ए-31 श्री कृष्णा नगर, पहाड़ी चौक, वार्ड नं 09, ठक्कर बापा वार्ड, रायपुर, छ.ग. | साम्पिक बंधक फ्री होल्ड इंडस्ट्रियल भूमि एवं भवन स्थित ग्राम उरला, गुरु घासीदास वार्ड नं. - 01, न्यू राजेन्द्र नगर, प.ह.नं.- 101 नया 29, आरआईसी धरसींवा 1, खसरा नं. 498/5, जिला रायपुर, छ.ग. सीमाएं: उत्तर - नहर, दक्षिण- विश्वनाथ इंडस्ट्रीज की भूमि, पूर्व- रोड, पश्चिम- प्रकाश पन्नालाल की भूमि। | 31.01.2024 रु. 38,02,745.51 + ब्याज + अन्य प्रभार 15.06.2024 भौतिक कब्जा |
| 02 | बोरियाकला शाखा बोरियाकला रायपुर 9752099530 | श्री शुभम रामबाबू चौधरी पता ए-31 श्री कृष्णा नगर, पहाड़ी चौक, वार्ड नंबर 09, ठक्कर बापा वार्ड, रायपुर, छ.ग. | साम्पिक बंधक भूमि और भवन स्थित खसरा नं. - 59/15, क्षेत्रफल - 884 वर्गफीट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नं. - 46, देवपुरी, रायपुर, छ.ग. है जो श्री शुभम चौधरी के नाम पर है। सीमाएं: उत्तर- रोड, दक्षिण - अनिल कुमार की भूमि, पूर्व - सुमन मृधा की भूमि, पश्चिम - राजीव रोहरा की भूमि | 31.01.2024 रु. 24,17,168.52 + ब्याज + अन्य प्रभार 15.06.2024 सांकेतिक कब्जा |

अतः एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम कर्जदार का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।
दिनांक 19.06.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

### ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहेगा भारत

*नई दिल्ली। आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप स्टेज खत्म हो गया है। अब सुपर-8 राउंड के मुकाबले आज 19 जून से खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान से है। भारत को इसके बाद बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भी दो-दो हाथ करना है। हालांकि, सुपर-8 का इम्तिहान पास होने के लिए भारत को अपनी 3 परेशानियों का हल ढूंढना होगा। वर्ना खिताब का सपना दूर की कौड़ी साबित होगा। अभी तक उतार-चढ़ाव वाले मैचों में जीत हासिल करने वाली रोहित शर्मा एंड कंपनी को जीत के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। भारत के लिए परेशानी की बात ये है कि कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो ग्रुप स्टेज में हर मैच में उतरे लेकिन या तो उन्हें खेलने का पूरा मौका नहीं मिला या उनके फॉर्म ने दगा दे दिया। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं विराट कोहली।*



दुनिया में पहाड़ों की खूबसूरती हर किसी का दिल लुभा लेती है। आमतौर पर पहाड़ों में रंग मौसम के हिसाब से बदल जाता है, इसलिए कुछ पहाड़ खास मौसम में ही लुभावने नजर आते हैं। लेकिन, चीन के झांग्ये डैनक्सिया नेशनल जियोलॉजिकल पार्क अलग ही हैं। गांसु प्रांत में किलियन पर्वत की पूर्वी तलहटी के इस पार्क के पहाड़ों की रंग हर मौसम में इंद्रधनुषी रंग की छटा बिखेरता है।

# इंद्रधनुष बनता है इन पहाड़ों में, अजीब आकृतियां बनाती हैं चट्टानें

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

झांग्ये के डैनक्सियामें कई खड़ी लाल चट्टानें हैं, जिनमें से अधिकांश कई सौ मीटर ऊंची हैं। ये संरचनाएं, जो कभी चिकनी और कभी तीखी होती हैं, मैदानों के हरे और भूरे रंग के बीच अलग ही तरह से भव्य और शानदार दिखती हैं। कई लाल चट्टानी चट्टानें महल, शंकु, टावरों, साथ ही मनुष्यों, जीवों, पक्षियों और जानवरों जैसी अनोखी और रहस्यमयी आकृतियों जैसी दिखाई देती हैं। धुंध और बादलों के बीच से दिखाई देने वाली उनकी चोटियां शानदार पहाड़ों काअद्भुत नजारा बनाती हैं।

## परतों का रंग अलग-अलग

यह स्थान लाखों साल पहले समुद्र का हिस्सा था। टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव के कारण जमीन मुड़ गई और पहाड़ बने जिससे जमीन समुद्र तल से ऊपर उठ गई। इलाके में नदियां बनीं, तो लाल बलुआ पत्थर जमा हो गया। समय के साथ कई परतदार चट्टानें बनीं, जिनमें मिट्टी और पत्थर में अलग-अलग मात्रा में लौह नमक था। इसी वजह से परतों का रंग अलग-अलग है। नदी के कटाव और हवा के कटाव ने रंगीन परतों को बनाया इन्हीं रंगीन परतों ने झांगये डैनक्सिया भू-आकृति क्षेत्र के लिए "इंद्रधनुष पर्वत" नाम को जन्म दिया।



## रंग-बिरंगे पहाड़ों

पहला व्यूइंग प्लेटफ़ॉर्म सबसे बड़ा और प्रवेश द्वार के सबसे नज़दीक है, जो लगभग 10 मिनट की पैदल दूरी पर है। व्यूइंग प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंचने के लिए, ज्यादा सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़तीं. यहीं से ऊंचे, रंग-बिरंगे पहाड़ों के नज़ारे दिखते हैं। गौर से देखने पर लोगों को यहां की चट्टानों की आकृतियों में बुद्ध की पूजा करने वाले भिक्षुओं, आग के समुद्र में भागते बंदरों और पहाड़ों में इंद्रधनुषी पहाड़ दिखाई देने लगते हैं।



## सूर्यास्त का नजारा बहुत ही अनोखा

डैनक्सिया झांग्ये में कई खास जगह हैं जहां से नजारे बहुत ही अद्भुत दिखाई देते हैं। कहीं सूर्यास्त का नजारा बहुत ही अनोखा दिखाई देता हो तो प्रसिद्ध सात रंग का पंखा तीसरे अवलोकन मंच से देखा जा सकता है। ऐसा लगता है कि पहाड़ को जीवंत रंगों से रंगा गया है। विशाल लुढ़कती पहाड़ियों के हल्के रंग बहुत सुकून देने वाले हैं। प्राकृतिक और भौगोलिक प्रक्रियाओं के नतीजे देखने के लिहाज से भी झांग्ये का बहुत महत्व है। यहां के नजारे एकसाथ कई तरह की भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का नतीजा हैं जिन्हें आज भी देखा जा सकता है। 290 वर्ग किलोमीटर में फैला इलाका डैनक्सियाशान भूवैज्ञानिक पार्क का हिस्सा है जिनमें नदियां, जंगल और विशाल डैनक्सियन चट्टानी संरचनाएं शामिल हैं। 2009 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नामित किया गया था।

## रोचक खबरें

### बदकिस्मती : अरबों की लाटरी जीती, फिर भी नर्क बनी जिंदगी, भाई ने हत्या की रची साजिश

**न्यूयार्क।** क्या आप यकीन करेंगे कि अरबों रुपये की लाटरी जीतने के बाद भी किसी के जीवन का अंत कष्टों से हो सकता है? जी हां, एक लॉटरी जीतने वाले अरब ने बदकिस्मती से खुद को दिवालिया पाया और अपने ही भाई के एक किराए के हत्यारे का निशाना भी बना। 66 वर्षीय विलियम 'बड' पोस्ट III ने एक अरब 35 करोड़ 25 लाख रुपए जीते थे, लेकिन अपनी बड़ी जीत के बाद भी सारा जीवन तकलीफ में गुजारा। एरी, पेनसिल्वेनिया में जन्मे बड का बचपन परेशानियों भरा रहा। मात्र आठ वर्ष की आयु में अपनी मां को खो देने के बाद, उन्हें उनके पिता ने अनाथालय भेज दिया। उन्होंने अजीबोगरीब काम करके एक साधारण जीवन व्यतीत किया 1988 में किस्मत ने पलटी मारी जब उनके बैंक खाते में केवल 205 रुपये ही बचे थे। हताश होकर उन्होंने अपनी बची हुई चीज़ों में से एक अंगूठी, को 3300 रुपयों में गिरवी रख दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह पैसा अपनी मकान मालिक को दिया और एक लाटरी की टिकट भी खरीदी जिसमें उनका जैकपॉट लग गया। अपनी जीत की पहली किस्त, 26 वर्षों के लिए 4 करोड़ 16 लाख का वार्षिक भुगतान प्राप्त करने के मात्र दो सप्ताह बाद, वो पहले ही ढाई करोड़ रुपए खर्च कर चुके थे। उन्होंने अपने भाई-बहनों में निवेश किया और कई जगह पैसा लगाया. तीन महीने के भीतर ही बड पर 4 करोड़ 17 लाख का कर्ज हो गया। जल्दी ही वे अपने परिवार से अलग हो गए। उनकी पूर्व मकान मालकिन ने उसे जैकपॉट का एक हिस्सा लेने के लिए अदालत में घसीटा। मि. पोस्ट ने लड़ाई लड़ी, लेकिन तीन साल बाद, एक जज ने फैसला सुनाया कि उसे एक तिहाई नकद देना है और 1992 में, एक जज ने उसकी लॉटरी की रकम पर रोक लगा दी। उनके भाई ने उसे और उसकी छठी पत्नी की हत्या करने के लिए एक हत्यारे को काम पर रखने का प्रयास भी किया। यह प्रयास सफल नहीं हुआ और पोस्ट के भाई को गिरफ्तार कर लिया।



### निराशा : करोड़ों में बिकाऊ है लाखों की यादों में बसी ये मशहूर हवेली, फैंस हुए नाराज!

**न्यूयार्क।** होम अलोन के प्रशंसक तब हैरान रह गए जब क्रिसमस की इस प्यारी फिल्म का मशहूर घर बाजार में आया और वह फिल्म में दिखे घर से पूरी तरह से अलग दिखाई दे रहा था। बच्चों के लिए बनी इस यादगार फिल्म और उसके सीक्वल, लॉस्ट इन न्यूयॉर्क में दिखी यह हवेली लोगों को आज भी याद है। लेकिन, जब लोगों ने हवेली के अंदर का हिस्सा देखा तो उन्हें खासी निराशा हुई कि फिल्म में तो वैसा कुछ दिखाया ही नहीं गया था। इन दोनों फिल्मों में मैकाले कल्किन नाम के बच्चे ने केविन मैककैलिस्टर का किरदार निभाया था। जिसका छुट्टियों में घर में अकेले समय बिताने के दौरान चोरों से सामना होता है। इस दौरान होने वाली घटनाएं गुदगुदाती हैं। जहां घर के कोने-कोने से कैविन चोरों के साथ शरारतें कर उन्हें परेशान करता है। दोनों फिल्मों में यह घर भी अपनी अलग ही छाप छोड़ता दिखता है। ऐसे में जब इसके बिकने की खबर आई तो जाहिर है बचपन में कैविन को शरारत करते देखने वालों के लिए यह किसी कौतूहल से कम नहीं था। अब यह हवेली पहली बार 5.45 मिलियन डॉलर (45 करोड़ 44 लाख रुपयों) की भारी कीमत पर बिकाऊ है। फिर भी कई लोगों को इस खबर से निराशा हुई। कई लोग यह देखकर हैरान रह गए कि घर के अंदर का हिस्सा उस भूलभुलैया से बिल्कुल अलग है, जिसे दर्शक सालों से पसंद करते आ रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा, 'उन्होंने इसके साथ क्या किया?' रोचक बात यह है कि लोगों को जल्दी ही एहसास हो गया कि असली घर का इस्तेमाल कभी भी इनडोर दृश्यों के लिए नहीं किया गया था, और केवल बाहरी हिस्से को फिल्माया गया था।



## कुदरत

### जमीन के अंदर शहर, चट्टानों में बने चर्च

# नजारा देखकर लगता है आ गए हैं सपनों के संसार में

एजेंसी ▶▶| लंदन

चाहे कुदरत के बनाए नजारे हों, फिर जमीन के अंदर इंसानों की बसाए शहर या चट्टानों में काटे गए चर्च। तुर्की के कप्पाडोसिया में आकर आपको लगेगा कि आप किसी सपने के संसार में आ गए हैं। हैरान करने वाले कुदरती नजारे का साथ ही यह इतिहास और रहस्यों से भरपूर है।



अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जो ऐतिहासिक होने के साथ कुदरती खूबसूरती से भरी हो तो आपको को तुर्कीये के मध्य प्रांतो के उच्च पठार में मौजूद कप्पाडोसिया के बारे में जरूर सोचना चाहिए। एक तरफ यहां की मनमोहक चिमनियां और प्राचीन चट्टानों की संरचनाएं हैं, तो वहीं दूसरी सांस्कृतिक विरासत भरे ऐसे इलाके भी हैं जहां गुफा चट्टान काट कर बने चर्च और भूमिगत शहर भी हैं।

लाखों साल पहले सेंट्रल एनाटोलियन क्षेत्र में ज्वालामुखी विस्फोटों एक सिलसिला चला था। इसी के नतीजे में कैप्पाडोसिया फ्रायरीज बनीं। यहां की मोटी राख जमकर टफ में और फिर उन खूबसूरत चिमनियों में बदल गई, जिन्हें हम आज देखते हैं। लगभग 130 फीट ऊंचे ये टफ आने वाले कई सालों में आकार में बदल जाते हैं।



## मठों और चट्टानों पर बहुत से चर्च

कप्पाडोसिया दुनिया में ईसाई धर्म के लिए सबसे अहम पूजा स्थलों में से एक है। 10वीं और 11वीं सदी के बीच, इस क्षेत्र में मठों और चट्टानों पर बहुत से चर्च बने। कई प्राचीन चर्च तो असाधारण आभूषणों से खूबसूरती से सजे हुए थे। यहां 600 से ज़्यादा चर्च हैं, और और भी खोजे जा सकते हैं। इनमें से कुछ चर्चों के खूबसूरत भित्तिचित्र लोगों को काफी हैरान करते हैं। कप्पाडोसिया का सबसे बड़ा आकर्षण यहां से की जाने वाली हॉट एयर बैलून से की जाने वाली सैर है।

## भूमिगत बस्तियां संकरी सुरंगों के एक नेटवर्क से जुड़ी

यह यहां की सबसे लोकप्रिय गतिविधि है। यहां बाइकिंग और हाइकिंग के दौरान खूबसूरत नजारों का आनंद लिया जा सकता है। लेकिन कप्पाडोसिया हॉट एयर बैलूनिंग चमकदार प्राचीन नजारे देखने का सबसे अच्छा तरीका है। कप्पाडोसिया के भूमिगत शहर इस क्षेत्र की यात्रा के दौरान न चूकने वाले अनूठे अनुभवों में से एक हैं। इनमें से कुछ भूमिगत बस्तियां संकरी सुरंगों के एक नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं। इस क्षेत्र में लगभग 36 भूमिगत शहर हैं, कायमाली और डेरिनकुयू उनमें से सबसे लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले शहर हैं।

## अविश्वसनीय ओपन-एयर संग्रहालय के लिए जाना जाता

ज्वालामुखी टफ की बदौलत, कप्पाडोसिया एक बड़ा अंगूर उत्पादक है और वाइन बनाने का एक लंबा इतिहास समेटे हुए है। इलाके की बाकी खूबियों के कारण टूरिस्ट भूल जाते हैं कि यह क्षेत्र अपनी वाइन के लिए भी जाना जाता है। यहां घूमने के लिए कुछ वाइनरी में कपाडोक्य, तुरासन, कोकाबाग और सेनल शामिल हैं। कुछ सबसे लोकप्रिय रेड और व्हाइट वाइन ब्रांड इस क्षेत्र से हैं, और पर्यटक वाइन-चखने वाली दुकानों में कुछ का नमूना ले सकते हैं। कप्पाडोसिया अपने अविश्वसनीय ओपन-एयर संग्रहालय के लिए जाना जाता है, जो गोरेमे में मौजूद है। गोरेमे ओपन-एयर संग्रहालय इलाके में सबसे अधिक देखे जाने वाले और लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। क्षेत्र के अन्य रॉक साइट्स के अलावा, यह संग्रहालय तुर्कीये में पहला संग्रहालय था, जिसे 1985 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था।

# शराब पीने से महिला सहित तीन की मौत गांव में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

ग्राम कोटमेर में आज उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक महिला सहित उसके दो पड़ोसी घर में मृत हालत में पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



■ एफएसएल व पुलिस की टीम जुटी मामले की जांच में

प्रारंभिक जांच के दौरान मामला शराब से जोड़कर देखा जा रहा है संभावना जताई जा रही है कि संभवतः तीनों की मौत शराब पीने से हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने शराब की पॉलिथीन सहित अन्य सामान को बरामद किया है। मामले की जांच एफएसएल एक्स्पर्ट सत्यजीत कोसरिया व उनकी टीम कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से सैंपल संग्रहण कर जब्ती की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटमेर निवासी चैतराम अपने किसी काम से मंगलवार को करतला गया हुआ था। जहां से काम निपटाकर चैतराम दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर कोटमेर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके घर में उसकी पत्नी मालती कंवर 50 वर्ष व उसके पड़ोसी बेदराम राठिया 50 वर्ष पिता मुखीराम राठिया व राम सिंह 60 वर्ष पिता नानहीं राम मृत अवस्था में पड़े हुए थे। तीनों को मृत अवस्था में देख चैतराम के होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी।

# दिल्ली में है एशिया का सबसे बड़ा वेडिंग कार्ड मार्केट, राजा भी यहां करते थे शॉपिंग

**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली का अपना इतिहास और इसकी लोक कथाएं हैं। इसके एक हिस्से जिसे पुरानी दिल्ली कहा जाता है, वहां ऐसे बाजार हैं अपने खास काम के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां एक ऐसा ही बाजार है जो कि सिर्फ शादी के कार्ड बनाने वाले होलसेलर और रिटेलर्स से भरा हुआ है।



इस बाजार में 12 साल से काम कर रहे अजय ने कहा कि यह एशिया का सबसे बड़ा शादी कार्ड बनाने वाला बाजार है। उन्होंने कहा यह एक ऐसा बाजार है, जहां पर सिर्फ शादी के कार्ड बनते हैं, जो कि ऐसा आपको पूरी दुनिया में कहीं भी देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए यह अपने आप में अनोखा बाजार है। उन्होंने कहा कई देशों में शादी के कार्ड और उससे जुड़ा सामान, पेपर भी यहीं से भेजा जाता है।

## 300 साल पुराना बाजार

यहां 15 साल से दुकान चला रहे दीपांकर जैन ने कहा यह बाजार मुगलों के दौर का माना जाता है। इस बाजार में शादी के कार्ड और उससे जुड़े सामान लगभग 300 साल से बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले के दौर में जब राजा-महाराजा हुआ करते थे, उस दौर में इस बाजार में उस धातु को बनाया जाता था जिस पर राजा-महाराजा पत्र लिखकर भेजा करते थे।


**1 रुपए में बन जाता है कार्ड :** इस बाजार में लगभग 10 साल से काम कर रहे नितिन बताते हैं कि यहां एक कार्ड 1 रुपए का भी बना कर मिल जाता है। अगर आप महंगे से महंगा कार्ड चाहते हैं, तो उसकी कोई सीमा नहीं है।

# 2 टन से भी ज्यादा भारी होते थे ऊनी गैंडे पिछली 'आइस एज' में हो गए थे खत्म

**लंदन।** धरती पर मैमथ जैसे ही ऊनी जानवर और भी थे जिनमें ऊनी गैंडे भी गिने जाते हैं। इनके बारे में कम ही लोग जानते हैं। हाल ही में इनकी चर्चा हो रही है, क्योंकि एक स्टडी में साइंटिस्ट ने दावा किया है कि इनके विलुप्त होने के पीछे की वजह पुरातन मानव का शिकार करना है।

पुराने बड़े खतरनाक जानवरों में लोग डायनासोर और मैमथ के बारे में ज्यादा रुचि रखते हैं। लेकिन कम लोग ऊनी गैंडे के बारे में जानते हैं। ये जानवर भी मैमथ की तरह हिमयुग के अंत में विलुप्त हो गए थे। हाल ही में हुए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने इनके विलुप्त हो जाने के पीछे का कारण पता चलने का दावा किया है। एक वयस्क ऊनी गैंडा आमतौर पर सिर से पूंछ तक 3.2 से 3.6 मीटर मापा जाता है, कंधे पर 1.45-1.6 मीटर लंबा होता है, और इसका वजन 1.5-2 मीट्रिक टन तक होता है। हैरानी की बात यह है कि गैंडों की प्रजातियों में ये भले ही सबसे भारी ना हों। अपने आप में ये काफी भारी जानवर हुआ करता था। अन्य गैंडों की तुलना में ऊनी गैंडे का सिर और शरीर लंबा और पैर छोटे होते थे। इसके कंधे को एक शक्तिशाली कूबड़ से ऊपर उठाया गया था, जिसका उपयोग जानवर के विशाल सामने के सींग को सहारा देने के लिए किया जाता था। लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं कि इनकी उत्पत्ति पुरातन तिब्बत में हुई थी। करीब 35 लाख साल पहले ये तिब्बत में पैदा हुए थे।






# रामायण पाठ से बदनाम हो गया बिहार का ये टोला, फिर पड़ गया अजीबोगरीब नाम

**नई दिल्ली।** हमारे देश में हजारों गांव हैं, जिसका नामकरण गांव की अपनी परंपरा, संस्कृति, मान्यताएं और खूबी के आधार पर रखा गया है। आज हम आपको बिहार के एक ऐसे गांव के बारे में बताएंगे, जिसके नामकरण की खूबी सुनने के बाद आप खुद भी चौंक जाएंगे। ये कोई साधारण गांव नहीं है। गांव के इतिहास की बात करें, तो इस गांव के परिधि में रौशनाहा दिह पर कई अवशेष पालकालीन और हिंदू धर्म से जुड़ी मूर्तियां मिली हैं। ग्रामीणों का दावा है कि यह गांव धार्मिक प्रवृत्ति का गांव रहा है। यहां पर रामायण का प्रचलन बहुत ज्यादा रहा है।

जिस गांव में रामायण का प्रचलन हो और उस गांव में किसी को रामायण पढ़ने ना आए, यह सुनकर जरूर आश्चर्य होगा। गांव वाले रामायण लेकर तो बैठ गए, लेकिन रातभर में पढ़ नहीं पाए। फिर इसके बाद गांव का सरनेम 'पोथी' दे दिया गया। आज भी गांव के लोगों का मजाक कोरजाना पोथी बोलकर उड़ाया जाता है। गांव के मुखिया रमेश सिंह ने बताया कि ये 100 साल पुरानी कहानी हो सकती है। अष्टयाम में रामायण पढ़ने के लिए गांव के कई लोग जुटे। सभी लोगों ने रामायण अपने हाथों में लिया। फिर अपने ग्रामीणों से कहते रहे कि तुम पढ़ो, तुम पढ़ो और इसी में सुबह हो गया। गांव के कोई भी लोग रामायण नहीं पढ़ पाए। अगले दिन जब पड़ोसी गांव के लोगों को पता चला, तो गांव को कोरजाना पोथी कहना कहकर लोग बुलाने लगे।




## ऐसे गांव के नाम में जुड़ गया 'पोथी' सरनेम

बिहार के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के गृह जिला बेगूसराय मुख्यालय से 30 किमी दूर चेरिया बरियारपुर विधानसभा अंतर्गत बिक्रमपुर पंचायत के कोरजाना गांव में तीन वार्ड निवास करते हैं। वर्तमान समय में गांव की आबादी 5 हजार के आसपास होगी. इसी गांव के पड़ोसी गांव बसही के रहने वाले रामविनय महतों ने बताया कि कोरजाना गांव के लोगों को कोरजाना पोथी बोलकर मजाक उड़ाया जाता है। रामायण न पढ़ने की वजह से यह नाम दिया गया होगा। रणधीर कुमार ने बताया कि गांव वालों ने रातभर में जब रामायण नहीं पढ़ा, तो अगले दिन से गांव के नाम में पोथी बोलकर मजाक उड़ाना शुरू हो गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com